# राजस्थान की राजनीति

Tni आवाज़

E-mail: tniawaz.news@gmail.com

आपकी आवाज के साथ....

RAJHIN/2012/43137

हिन्दुस्तान पत्रिका

HINDUSTAN KI AWAZ

जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, टोंक, अजमेर, भरतपुर, धौलपुर, बीकानेर, कोटा, सवाईमाधोपुर से प्रसारित

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, शुक्रवार 03 मई, 2024 | » वर्षः 2 | » अंकः 188 | » पृष्ठः 8 | » मूल्यः 2.00 रू.


## रविंद्र सिंह भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग, जयपुर में समर्थकों ने किया प्रदर्शन



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** बाड़मेर जिले की शिव विधानसभा सीट के निर्दलीय विधायक और बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी के समर्थन में गुरुवार को राजपूत समाज ने जयपुर में बड़ा प्रदर्शन किया। राजपूत सभा की ओर से जिला कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला गया और उसके बाद कलेक्टर मुख्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रविंद्र सिंह भाटी को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग की गई। राजपूत सभा के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई का कहना है कि रविंद्र सिंह भाटी चुनाव हुए विधायक हैं। चूंकि वे निर्दलीय विधायक हैं। इसलिए सरकार उनसे ईर्ष्या रखती है। चंदलाई ने कहा कि रविंद्र सिंह भाटी 36 कौम के नेता हैं। हर समाज के लोग उन्हें चाहते हैं। ऐसा नेता जब आगे बढ़ रहा है तो सत्ताधारी पार्टी के लोगों को जलन होती है। चंदलाई ने कहा कि कलेक्टर को ज्ञापन देकर सरकार से भाटी को जेड प्लस सुरक्षा की मांग की गई है। अगर सरकार ने जल्द ही जेड प्लस सुरक्षा नहीं दी तो सर्व समाज के लोग उग्र आंदोलन करेंगे। दरअसल पिछले दिनों ओर से रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। सोशल मीडिया के जरिए मिली धमकी के बाद राजपूत समाज के लोगों ने सरकार से सुरक्षा की मांग की है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि पिछले साल राजपूत समाज के नेता सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को भी धमकी मिली थी। वे बार बार पुलिस और सरकार से सुरक्षा की मांग करते रहे। गोगामेड़ी को सुरक्षा नहीं दी गई और 5 दिसंबर 2023 को बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। चंदलाई का कहना है कि रविंद्र सिंह भाटी प्रदेश के उभरते हुए नेता हैं और वे राजपूत समाज के गौरव हैं।

# पीएम मोदी का चुनौती वाला वार, कांग्रेस का पलटवार... लोकसभा चुनाव में कौन किस पर पड़ रहा भारी

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में दो चरण पूरे हो चुके हैं। तीसरे चरण के लिए वोटिंग 7 मई को होगी। इस चरण में गुजरात की 25 सीटों पर भी वोटिंग होनी है। इस बीच बीजेपी और कांग्रेस ने एक दूसरे पर हमले तेज कर दिए हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस के लिए खड़ी की गई चुनौतियों को याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि इस मामले में पार्टी की चुप्पी का मतलब है कि कुछ गड़बड़ है। गुजरात के जामनगर में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि 9 दिन हो गए हैं चूंकि मैंने कांग्रेस को चुनौती दी है, और उन्होंने मुझे इस पर कोई जवाब नहीं दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने केरल के वायनाड में मुसलमानों को सांसद बनने पर आरक्षण देने का सौदा किया है।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में दस राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 94 संसदीय सीटों पर 7 मई वोट डाले जाएंगे। तीसरे चरण वाले राज्यों में गोवा, गुजरात, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। इस चरण में गुजरात की सभी 26 में से 25 सीटों पर वोटिंग होगी। वहीं, यूपी की 10 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। बिहार में 5 सीटों पर वोटिंग होगी। इसके अलावा असम की 4 और छत्तीसगढ़ की 7 सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। गुजरात के बाद कर्नाटक में सबसे अधिक 14 सीटों के लिए मतदान होगा।




### पीएम ने बताई कांग्रेस की दोहरी रणनीति

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस 2024 का लोकसभा चुनाव जाति के नाम पर समाज को बांटने और तुष्टीकरण के माध्यम से अपने वोट बैंक को एकजुट करने की दोहरी रणनीति के साथ लड़ रही है। गुजरात के जामनगर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल करने को लेकर रातोंरात एक 'फतवा' जारी किया। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने के लिए संविधान को बदलने की योजना बनाई है। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में पीएम ने कांग्रेस की तरफ से संविधान बदलने वाले आरोप यह कहा कि कांग्रेस सबसे पुरानी पार्टी है जिसने सत्ता हासिल करने और वोट बैंक की राजनीति के लिए संविधान का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ फैला रही है कि भाजपा भारत के संविधान को बदल देगी। पीएम मोदी ने कहा कि यदि आप कांग्रेस के इतिहास को देखें, तो आप देखेंगे कि वे संविधान की पवित्रता में विश्वास नहीं करते हैं।

### आपकी भाषा पद के अनुरूप नहीं

खरगे ने मोदी को लिखे पत्र में कहा कि मैंने वह पत्र देखा है जो आपने राजग के सभी उम्मीदवारों को लिखा है। उसमें कहा गया है कि उन्हें मतदाताओं से क्या बोलना है। पत्र के लहजे और विषयवस्तु से ऐसा लगता है कि आपके अंदर बहुत हताशा और चिंता है जो आपको ऐसी भाषा का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित कर रही है जो प्रधानमंत्री पद के अनुरूप नहीं है। खरगे ने कहा कि पत्र से ऐसा प्रतीत होता है कि आपके भाषणों में जो झूठ है उसका वैसा असर नहीं हो रहा है जैसा आप चाहते थे और अब आप चाहते हैं कि आपके उम्मीदवार आपके झूठ को फैलाएं। एक झूठ को हजार बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाएगा। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि मतदाता इतने बुद्धिमान हैं कि वे खुद समझ सकते हैं कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में क्या लिखा है और क्या गारंटी देने का वादा किया है। उन्होंने अपने पत्र में कहा कि हमारी गारंटी इतनी सरल और स्पष्ट है कि हमें उन्हें समझाने की जरूरत नहीं है। आपके लाभ के लिए मैं उन्हें यहां दोहराऊंगा। खरगे ने अपने पत्र में पार्टी के युवा न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के बारे में विस्तार से बताया।

### हर भारतीय हमारा वोट बैंक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बृहस्पतिवार को तीखा हमला किया। खरगे ने कहा कि जब चुनाव खत्म हो जाएंगे तब लोग उन्हें केवल ऐसे प्रधानमंत्री के रूप में याद करेंगे जो हार से बचने के लिए झूठ से भरे विभाजनकारी और सांप्रदायिक भाषण देते थे। खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हृष्ठ के उम्मीदवारों को पत्र लिखा है जिसमें कहा गया है कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीनकर कांग्रेस के वोट बैंक को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय हमारा वोट बैंक है, चाहे वह गरीब हो, वंचित हो, महिला, युवा, मजदूर वर्ग, दलित या फिर आदिवासी हो... ये सभी हमारा वोट बैंक हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अपील की कि वह नफरत फैलाने वाले भाषण देने के बजाय अपनी सरकार के पिछले 10 वर्ष के कामकाज के आधार पर वोट मांगें।

## राज्य में बिजली की बढ़ी डिमांड से अधिकारियों के छूटे पसीने, एक ही पखवाड़े में बढ़ी 300 लाख यूनिट की मांग

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** राजस्थान में अब गर्मी का जोर बढ़ने लगा है। इसके साथ अब गर्मी के सीजन में बिजली की डिमांड लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की बढ़ती हुई मांग को देखकर अब ऊर्जा विभाग हाई अलर्ट मोड पर आ गया है। इसको लेकर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक कुमार खुद इसकी कमान संभाले हुए हैं। आंकड़ों का नजर डालें तो पिछले एक पखवाड़े में राजस्थान में 300 लाख यूनिट की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग को देखकर अब ऊर्जा विभाग की भी चिंताएं बढ़ने लगी है। राजस्थान में हर बार गर्मी के मौसम में बिजली की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में गर्मी की शुरुआत होते ही ऊर्जा विभाग अलर्ट मोड में आ जाता है। इसी के चलते विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक कुमार भी अब अलर्ट हो गए है। पिछले एक पखवाड़े के आंकड़ों पर नजर डालें तो प्रदेश में 300 लाख यूनिट मांग की बढ़ोतरी हुई है। इसके कारण अब ऊर्जा विभाग में बिजली की बढ़ती हुई डिमांड को देखते हुए प्लानिंग शुरू कर दी है। अधिकारी मैनेजमेंट को लेकर तैयारी में जुट गए हैं। राजस्थान में अप्रैल के शुरुआत होते ही घरों में कूलर, पंखे, ऐसी आदि चलने शुरू हो जाते हैं। इसके कारण बिजली की खपत में तेजी से बढ़ोतरी शुरु हो जाती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में बिजली आपूर्ति 2613 लाख यूनिट थी, जो अप्रैल माह खत्म होते-होते 2900 लाख यूनिट तक पहुंच गई है, यानी दूसरे पखवाड़े में बिजली की डिमांड 300 लाख यूनिट तक बढ़ गई है। इसके बाद बिजली विभाग की चिंता बढ़ गई है। ऐसे में गर्मी के त्यौहार में राजस्थान में बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अब अनुमान जताया जा रहा है कि मई में बिजली खपत का आंकड़ा 3500 लाख यूनिट तक बढ़ सकता है। राजस्थान में अब बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही हैं। इसको लेकर ऊर्जा विभाग पूरी तरह चौकन्ना हो चुका हैं। इसको लेकर ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक कुमार खुद बिजली मैनेजमेंट को लेकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## एडीजी प्रियदर्शी को एसीबी से हटाया, मेहरड़ा को डीजी लगायाः एकल पट्टा, ऑर्गन ट्रांसप्लांट और दूदू कलेक्टर ट्रेप में हुई थी बड़ी चूक

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राज्य सरकार ने गुरुवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस ) के तीन अधिकारियों के तबादले किए हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो( एसीबी) की कमान अब सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस अफसर रवि प्रकाश मेहरडा को सौंपी है। मेहरडा अभी तक डीजी एससीआरबी थे। अब सरकार ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी हैं।

वहीं, एसीबी में करीब सवा साल से कार्यवाहक डीजी का पद संभाल रहे एडीजी हेमंत प्रियदर्शी को एसीबी से हटाकर एडीजी एससीआरबी में भेज दिया गया है। वहीं, सरकार ने आईपीएस सचिन मित्तल को एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड में लगाया है। हेमंत प्रियदर्शी को हटाने के पीछे कुछ दिनों में एसीबी की गिरती परफॉर्मेंस से जोड़कर भी देखा जा रहा है।




### ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में भी एसीबी की परफॉर्मेंस सही नहीं रही

एसीबी डीजी होने के कारण प्रियदर्शी की इसमें जिम्मेदारी तय की गई थी। इसी तरह से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में भी एसीबी की परफॉर्मेंस उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी। इसके बाद पूरे मामले की जांच अब जयपुर कमिश्नरेट पुलिस कर रही रही है।

### एकल पट्टा मामले में एसीबी ने कहा था कि कोई मामला नहीं बनता

सरकार की तरफ से जवाब में एसीबी ने 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि एकल पट्टा प्रकरण में कोई मामला नहीं बनता है। एकल पट्टा प्रकरण में पूरी तरह से नियमों की पालना की गई थी। वहीं, इसमें राज्य सरकार को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान भी नहीं हुआ है। ऐसे में शांति धारीवाल सहित अधिकारियों को क्लीन चिट दे दी थी। इससे सरकार की किरकिरी हुई थी। हालांकि इस मामले में सरकार पहले ही आरपीएस सुरेंद्र सिंह को एपीओ कर चुकी है।

'मोदी कह रहे दो भैंस में एक कांग्रेस ले जाएगी'

## पीएम को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि आरक्षण खत्म नहीं करेंगेः गहलोत

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने बीजेपी और पीएम नरेंद्र मोदी के आरक्षण को लेकर दिए बयानों पर सवाल उठाए हैं। साथ ही एनडीए सरकार के हारने का दावा किया है। गहलोत ने कहा- मोदी को यह कहने की जरूरत क्यों पड़ी कि हम आरक्षण समाप्त नहीं करेंगे? इनकी पहले की हरकतों को देखकर देशवासियों के जेहन में बात आ गई है। बिना बहस किए जिस प्रकार से संविधान संशोधन किए हैं। लोकसभा और राज्यसभा में कानून पास किए गए। जयपुर में मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा- इनके पिछले रिकॉर्ड को देखकर लोग भय खा रहे हैं। इनकी क्रेडिबिलिटी इतनी डाउन हो गई है कि लोगों को लगता है कि 400 पार की बात इसलिए कर रहे हैं कि उनको संविधान बदलना है। अंबेडकर के संविधान को बदलने की जरूरत नहीं है। इसी को लेकर रिएक्शन है। गहलोत ने कहा- मोदी के बयान इन दिनों अजीबोगरीब आ रहे हैं। पता नहीं क्या बोल रहे हैं? दो भैंस होगी तो एक भैंस कांग्रेस ले लेगी, यह क्या बयान है? हमारी कांग्रेस सरकार ने तो दो गाय और दो भैंस का बीमा किया था। हम तो यही सोच सकते हैं। यह पता नहीं कहां से मंगलसूत्र लेकर आ गए। कहां से भैंसें लेकर आ गए? क्या-क्या स्टेटमेंट दे रहे हैं? पूरे देश में लोगों में आक्रोश भी है। लोगों को हंसी भी आ रही है कि प्रधानमंत्री को हो क्या रहा है? गहलोत ने कहा- प्रधानमंत्री से उम्मीद नहीं कर सकते कि वो ऐसे बयान देशवासियों को देंगे। इसका कोई तुक नहीं है। कांग्रेस मैनिफेस्टो का क्या संबंध है मुस्लिम लीग से? उसमें जो गारंटी दी गई है।



### न्यूज इनबॉक्स

#### अजमेर के नांदसी के बूथ की रि-पोलिंग में भी उपजा विवाद, समझाइश के बाद हुआ 68.66 प्रतिशत मतदान

**अजमेर** लोकसभा आम चुनाव (पुनर्मतदान) 2024 के अंतर्गत अजमेर लोकसभा क्षेत्र के नांदसी मतदान केंद्र क्रमांक 195 पर 68.66 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बूथ पर गुरुवार को दोबारा मतदान के दौरान भी विवाद देखने को मिला। यहां मतदाता सूची में नाम न होने के बाद भी कुछ लोग घुसने की कोशिश करने लगे। इस पर पुलिस ने लोगों ने रोका। इसके बाद बहसबाजी शुरू हो गई। पुलिस ने समझाइश के बाद युवकों हटाया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव (पुनर्मतदान) 2024 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांदसी के मतदान केंद्र क्रमांक 195 विधानसभा क्षेत्र मसूदा में पुनर्मतदान हुआ। इसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मतदान बूथ के पंजीकृत 753 मतदाताओं में से 517 मतदाताओं ने वोट किया। गुप्ता ने बताया कि पुनर्मतदान वाले बूथ का निर्वाचन आयोग के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों ने अवलोकन किया। सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक के. मंजूलक्ष्मी तथा पुलिस चुनाव पर्यवेक्षक डी.नरसिम्हा किशोर ने मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस बूथ पर 753 मतदाता हैं। गत 26 अप्रैल को इस बूथ पर 753 में से 395 वोट पड़े थे। 26 अप्रैल को हुए दूसरे चरण के मतदान के बाद जब कर्मी ईवीएम जमा कराने जा रहे थे तब इस बूथ से संबंधित कागजात और सामग्री गुम हो गई थी।

# कोवैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित, कोई दुष्प्रभाव नहींः भारत बायोटेक

## वैक्सीन बनाते समय लोगों की सुरक्षा थी पहली प्राथमिकता

राजस्थान की राजनीति

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक ने गुरुवार को दावा किया कि उसकी कारोनारोधी वैक्सीन कोवैक्सीन सुरक्षित है। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। भारत बायोटेक ने यह दावा एस्ट्राजेनेका की इस स्वीकारोक्ति के बीच की है कि कोविशील्ड वैक्सीन का दुष्प्रभाव हो सकता है। भारत में कोरोना से बचाव के लिए लोगों को कोवैक्सीन और कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई थी।

### लोगों की सुरक्षा थी पहली प्राथमिकताः भारत बायोटेक

भारत बायोटेक ने बयान में कहा कि कोवैक्सीन बनाते समय हमारी पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा थी और दूसरी प्राथमिकता वैक्सीन की गुणवत्ता थी। लाइसेंस प्रक्रिया के तहत कोवैक्सीन का 27 हजार से अधिक लोगों पर ट्रायल किया गया। कोवैक्सीन भारत सरकार के कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम में एकमात्र कोरोना रोधी वैक्सीन थी, जिसके असर का भारत में परीक्षण किया गया था। कोवैक्सीन को क्लीनिकल ट्रायल मोड के तहत सीमित इस्तेमाल के लिए लाइसेंस दिया गया था, जहां हजारों लोगों पर इसका ट्रायल किया गया। वैक्सीन का मूल्यांकन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा भी किया गया था। भारत बायोटेक ने कहा कि सभी अध्ययनों और सुरक्षा गतिविधियों में कोवैक्सीन ने उत्कृष्ट सुरक्षा रिकार्ड का प्रदर्शन किया है। वैक्सीन से संबंधित कोई दुष्प्रभाव देखने को नहीं मिला।- भारत बायोटेक




### कोवैक्सीन कितना सुरक्षित? गहन परीक्षण के बाद हुआ अंतिम फैसला

गौरतलब है कि भारत में कोविशील्ड और कोवैक्सीन टीकों का ही बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा, कोवैक्सीन का मूल्यांकन उसकी लाइसेंस प्रक्रिया के हिस्से के रूप में 27,000 से अधिक विषयों में किया गया। इसे क्लिनिकल ट्रायल मोड में प्रतिबंधित उपयोग के तहत लाइसेंस दिया गया था। लाखों विषयों के लिए विस्तृत सुरक्षा रिपोर्टिंग की गई थी। यही नहीं कोवैक्सीन की सुरक्षा का मूल्यांकन भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी किया था। कोवैक्सीन की निरंतर सुरक्षा निगरानी (फार्माकोविजिलेंस) भी की गई। तमाम पैमानों पर आकलन के बाद कोवैक्सीन का सुरक्षा रिकॉर्ड उत्कृष्ट पाया गया। इस टीके के इस्तेमाल के बाद रक्त के थक्के, थ्रोम्बोसाइटोपेनिया, टीटीएस , वीआईटीटी, पेरीकार्डिटिस, मायोकार्डिटिस जैसी कोई भी टीका-संबंधी घटना नहीं हुई है।

### एस्ट्राजेनेका ने क्या कहा है?

गौरतलब है कि एस्ट्राजेनेका ने ब्रिटेन के हाई कोर्ट को सौंपे दस्तावेज में स्वीकार किया कि कोविशील्ड जैसे ब्रांड के तहत बेची जाने वाली उसकी कोरोना रोधी वैक्सीन का दुष्प्रभाव हो सकता है। वैक्सीन लेने के बाद थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) का खतरा रहता है। हालांकि, यह दुर्लभ मामलों में होता है। टीटीएस में मस्तिष्क या अन्य रक्त वाहिकाओं में थक्का जम जाता है। रक्त में प्लेटलेट की संख्या कम हो जाती है। प्लेटलेट्स छोटी कोशिकाएं होती हैं जो रक्त को जमने में मदद करती हैं, इसलिए इनका बहुत कम होना खतरनाक हो सकता है। एस्ट्राजेनेका की वैक्सजेवरिया वैक्सीन भारत में सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया कोविशील्ड नाम से बनाती है।

चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. राजीव जयदेवन ने कहा है कि कुछ टीकों के इस्तेमाल के बाद दुर्लभ मामलों में थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस) की स्थिति बन सकती है। उनका यह बयान फार्मास्युटिकल कंपनी एस्ट्राजेनेका की ओर से अदालत के समक्ष इस स्वीकारोक्ति के बाद आया है कि उसकी ओर से विकिसत की गई कोविड वैक्सीन कोविशील्ड और वैक्सजेवरिया कुछ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है।

## जयपुर में ज्वेलर्स ग्रुप के पास सोने-हीरे के गहने मिले, आयकर अधिकारियों ने 6 लॉकर्स की तलाशी ली

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर के 2 ज्वेलर्स ग्रुप के घर और शोरूम पर आयकर विभाग की टीम आज तीसरे दिन भी सर्च कर रही हैं। आज आयकर अधिकारियों ने ज्वेलर्स के 6 लॉकर खोले। इसमें बड़ी मात्रा में सोना और हीरे के जेवरात, इन्वेस्टमेंट से संबंधित दस्तावेज और जमीनों के कागजात मिले। दोपहर बाद तक आयकर अधिकारी दो और लॉकर खोल सकते हैं। इनकी जानकारी टीम को कल देर शाम को मिली थी। वहीं, आयकर टीम ने अपनी सर्च के पॉइंट को कम करना शुरू कर दिया हैं। कोलकाता में लगभग सर्च पूरी हो चुकी है। दिल्ली में चार जगहों पर सर्च चल रही थी, जिसमें दो जगहों पर सर्च को बंद कर दिया गया है। जयपुर में आयकर की टीमें सभी जगहों पर काम कर रही है। यही कारण है की जेकेजे के सभी प्रतिष्ठान बंद हैं। आईटी से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को टीम ने शोरूम में मौजूद स्टॉक के कागजों की जांच की थी। इस दौरान टीम को सही रिकॉर्ड नहीं मिला। ग्रुप के लोगों को खुद के शोरूम में रखे स्टॉक की पूरी जानकारी ही नहीं है। इसलिए टीम ने शोरूम में मौजूद रजिस्टर और गोल्ड के स्टॉक का मिलान किया। कई शोरूम में स्टॉक से ज्यादा गोल्ड मिला। एक बार सभी शोरूम का स्टॉक चेक करने के बाद कंपनी के मालिकों से इसकी जानकारी लेंगे। दरअसल, इनकम टैक्स टीम ने मंगलवार सुबह साढ़े 5 बजे तीन राज्यों में ज्वेलर्स ग्रुप पर छापेमारी की थी। जयपुर में ग्रुप के घर और शोरूम में सर्च किया गया था। साथ ही सर्च के दौरान सट्टे से जुड़े कागज भी मिले थे। आयकर से मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता में कई फर्जी कंपनियों के जरिए ये लोग सोने और चांदी का कारोबार कर रहे थे।

## हिंडोली नगर पालिका के वार्ड पार्षदों एवं ग्राम वासियों ने विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** हिंडोली नगर पालिका के वार्ड पार्षदों एवं ग्रामवासियों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि मनरेगा में चहेते सगे सबंधियो को मनरेगा के तहत कार्य दिया जा रहा है। गरीब मजदूरो को मजदूरी नहीं मिल पा रही है। जिससे मजदूरों को मजदूरी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है।

हिण्डोली नगर पालिका में शहर की रोड लाईटे खराब हो रही है ।जिसका मेन्टीनेस का पैसा नगर पालिका द्वारा खर्च होना बताया जा रहा है। जबकि 3 महीने से रोड लाईटे बन्द होकर खराब पडी हुई है। हेण्डपम्पो व ट्यूबवेलो को सुचारू नही किया जा रहा है। सार्वजनिक स्थलो पर रखी पानी टंकियो की साफ सफाई व देख रेख नहीं की जा रही है। जिससे ग्रामवासियों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी की किल्लत का सामना करना पड रहा है। शमशान स्थलो पर गन्दगी का अंबार लगा हुआ है। मृत मवेशीयो को शमशान स्थलो पर एवं हिण्डोली की समस्त साफ सफाई का कचरा शमशान स्थल के पास डाला जा रहा है। जिससे आसपास के क्षेत्र में बदबू के चलते सांस लेना भी दुश्वार हो रहा है। पास में बनी हुई माँ शारदा छात्रावास में पढ़ने वाली छात्राओं को गंदगी की वजह से गम्भीर बीमारी होने एवं संक्रमण फैलने की पूर्ण संभावना है। जिस पर नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा उक्त कार्यो का खर्चा बताकर नगर पालिका प्रशासन के कर्मचारियों द्वारा भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा है। ग्रामवासियों को सरकार की ओर से मिलने वाली जनसुविधा का लाभ पूर्ण रूप से नही मिल पा रहा है। वार्ड पार्षदों एवं ग्राम वासियों ने उक्त समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग। ज्ञापन पर वार्ड पार्षद कालू जोशी, ओम प्रकाश सुवालका, महेश गुर्जर , भेरूलाल सैनी, सुरेश वर्मा सहित पूर्व सरपंच हनुमान व्यास, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष महेश सोमानी, संजय चौहान आदि के हस्ताक्षर हैं।

## समर्थन मूल्य पर सरसों,चना खरीद की मात्रा बढ़ाने की मांग को लेकर पंचायत समिति सदस्या ने जिला कलक्टर को लिखा पत्र

कानून व्यवस्था

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** हिंडोली पंचायत समिति सदस्य अर्चना कंवर हाड़ा ने जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही सरसों व चना की मात्रा बढ़ाने को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर को पत्र लिखा। पंचायत समिति सदस्या हाडा द्वारा दिए गए पत्र में बताया कि वर्तमान में समर्थन मूल्य पर की जा रही सरसों व चना की खरीद अधिकतम मात्रा 25 क्विंटल है। इसी के साथ बढी हुई फसल किसानों को कम दाम में बाजार में बेचनी पड़ रही है। जिससे उनको आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। किसानों कि उक्त समस्या को देखते हुए खरीद की मात्रा 25 क्विंटल से बढ़ाकर 40 क्विंटल की जाए। ताकी शेष बची सरसों,चना फसल के दाम भी अच्छे मिल सके।

## दबलाना में माय एस कूरियर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का हुआ शुभारंभ



कानून व्यवस्था

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना में माय एस कूरियर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का हुआ शुभारंभ। डिस्ट्रीब्यूटर कुलदीप सिंह ने बताया कि माय एस कूरियर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से किसानों को अपनी फसलों एवं सब्जियों के बेचने पर कोई कमीशन नहीं देना पड़ेगा। किसान सीधे अपनी सभी फसलें गेहूं, चना, मक्का, उड़द, सरसों, चावल, सब्जीया इत्यादि सभी फसल को कंपनी को बेच सकेंगे। जिससे किसानों को अपनी मेहनत का पूरा फायदा मिलेगा। इसके लिए किसानों को अपनी फसल का सैंपल ऑफिस में लाकर कंपनी से जांच करवानी पड़ेगी। जांच में फसल सही पाए जाने पर कंपनी किसानों की फसलें खरीदेंगी। जिसका पैसा सिधा किसान के खाते में जमा हो जायेगा। कंपनी के ऑफिस का शुभारंभ पंडित मनमोहन शर्मा के द्वारा सर्वप्रथम श्री गणपति नाथ की मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा अर्चना करवाने के बाद विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान शंकर सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह हाडा, राम सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

# पशु क्रूरता अधिनियम की धज्जियां उड़ा रहे पशुपालन विभाग के अधिकारी, बीमार एवं घायल गोवंश पर कर रहे अत्याचार

### गौ माता के नाम पर वोट मांगने वाले नेताओं ने भी गौ माता पर हो रहे घोर अत्याचार के समय साध रखी हैं चुप्पी, गौ सेवकों को अंदर करवाने की दे रहे हैं धमकी



राजस्थान की राजनीति

**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** प्रशासनिक एवं राजनीतिक उदासीनता के चलते बूंदी का पशुपालन विभाग तानाशाही पर उतर आया है। बीमार एवं घायल गोवंश को बूंदी जिला पशु चिकित्सालय से नियम विरुद्ध तरीके से जबरन अन्यत्र स्थानांतरित करवा रहे हैं।कार्यवाहक संयुक्त निदेशक रामलाल मीणा अब खुलेआम गोसेवकों को जेल भेजने की धमकी दे रहे है। पशुपालन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे अनैतिक कार्यो के खिलाफ गोसेवकों ने न्यायालय की शरण ली है। जिस पर कोर्ट में आज शुक्रवार को सुनवाई होनी है। प्रशासन एवं कानून के भय से बेखौफ यह पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी कुछ असामाजिक तत्वों को साथ लेकर गोवंश की जान जोखिम में डाल रहे हैं। पशुपालन विभाग द्वारा नियमों के विपरीत जाकर गोवंश को अन्यत्र किसी स्थान पर शिफ्ट करने के दौरान पशु क्रूरता अधिनियम की भी खुलेआम अवमानना की जा रही है। परंतु जिले का पुलिस एवं प्रशासनिक अमला किसी प्रकार की कोई कार्रवाई करने को तैयार ही नहीं है। गाय के नाम पर वोट मांगने वाले नेता भी गौ माता पर हो रहे इस घोर अत्याचार के समय चुप्पी साधे हुए हैं। घायल एवं बीमार गोवंश को जबरन नैनवां रोड स्थित बड़ा रामद्वारा गौशाला में शिफ्ट करने पर गौसेवकों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी गोवंश को जबरन मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। गौसेवकों ने कहा कि जिस गौशाला में गोवंश को ले जाया जा रहा है। वहां पूर्व में ही क्षमता से अधिक गोवंश मौजूद है। जिनकी पूरी व्यवस्था भी गौशाला संचालक द्वारा नहीं की जा रही। ऊपर से विकलांग गोवंश को इस गौशाला में छोड़ जाना बेहद निंदनीय है। गोसवकों ने कहा कि जिस गौ माता का दूध पीकर बड़े हुए इसी गौ माता पर पशुपालन विभाग के अधिकारी कर्मचारी कुछ असामाजिक तत्वों को साथ लेकर भारी अत्याचार कर रहे हैं। गौ भक्तों का कहना है की पशुपालन विभाग के अधिकारियों की धमकियों से हम डरने वाले नहीं है। गौ माता के हक के लिए संघर्ष करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे परंतु गौ माता पर अत्याचार सहन नहीं करेंगे। गोपाल गोसेवा संस्थान से जुड़े गो भक्तों ने बताया कि गुरुवार को भी एक गाड़ी में एक साथ आठ-आठ नौ-नौ गोवंश को ठूंस ठूंस कर भर कर ले जाया गया है। जो कि पशु क्रूरता अधिनियम की सरेआम अवहेलना है। गो भक्तों के बढ़ते रोष के बाद गुरुवार दोपहर को पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रामलाल मीणा ने मीडिया के सामने कोतवाली थाना पुलिस को आश्वस्त किया कि अब एक भी बीमार गोवंश को पशु चिकित्सालय से अन्यत्र स्थानांतरित नहीं किया जाएगा। गौभक्तों ने बीमार एवं घायल गोवंश को पशु चिकित्सालय में यथावत रखने तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत दर्ज करवाए गए परिवाद पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### जिस गौशाला में भेज रहे उसकी लीज ही खत्म हो चुकी

पशुपालन विभाग के अधिकारी घायल एवं बीमार तथा कुछ स्वस्थ गोवंश को जिस गौशाला में शिफ्ट कर रहे हैं उस गौशाला को 2003 में गौशाला संचालन के लिए 20 वर्ष हेतु भूमि लीज पर मिली थी। जिसकी लीज 1 वर्ष पहले 2023 में ही खत्म हो चुकी है। यह भूमि सरकारी है। जहां बड़ा राम द्वारा गौशाला के संचालकों ने कब्जा कर रखा है और पशुपालन विभाग के अधिकारी भी बड़ा राम द्वारा गौशाला के संचालकों की कारगुजारी में पूरा साथ दे रहे हैं।

# गेंहूं की फसल के बाद कपास की फसल की बुआई की तैयारी में जूटे किसान

### खेतों की जुताई व सिंचाई के कार्य जोरो पर

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** कोटकासिम सहित क्षेत्रभर में रवि की फसलों के कटाई व कढाई के कार्य के बाद किसनों ने अपने खेतों में कपास व पशुओं के लिए हरा चारा बुआई के लिए खेतों मे जुताई सहित देशी खाद् डालने के साथ ही पलेव का कार्य शुरू का दिया है। किसानों का कहना है कि इस माह के अंत तक कपास की बुआई करनी अतिआवश्यक है। इतना ही नहीं कई सथानों पर तों कुछ किसानों द्वारा अपने खेतों में कपास बुआई का कार्य शुरू का दिया गया। है। लेकिन अधिकत्तर किसान इस समय कपास की बुवाई के लिए अपने खेतों को खाद डालकर जुताई व सिंचाई का कार्य कर रहे है। इसके साथ ही दूधारू पशुओं के लिए हरा चारा की लिए बुवाई कर रहे है।



बड़ी दाताद में पालेज की तैयारी भी है चालु

कोटकासिम सहित क्षेत्र में इस समय पबी की फसल के बाद खली हुए खेतो में कास्तकारो ने बडी तादात में पालेज की तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्र भर में इस समय कपास के अलावा घीया, टिन्डा, तौरई, भिण्डी सहित विभिन्न प्रकार की सब्जी की बुवाई के कार्य के लिए किसान खेतो में जुटे हुए है। क्षेत्र में भारी तादात में पालेज तैयार किया जाता है जो जुलाईमहा तक कोटकासिम के अलावा दिल्ली सहित बडी-बडी सब्जी मण्डीयो में कास्तकार सब्जिया ले जाकर बडा मुनाफा लेते है। इतना ही नही जून माह के अन्त व जुलाई महा की शुरूवात में ही पालेज की खेती तैयार हो जाती है तथा कोटकासिम में ही बडे स्तर पर दिन के समय ही दुर-दुर के व्यापारी आकर सब्जियो की खरीद्दारी करते है। जिसके चलते मई माह में कोटकासिम सहित क्षेत्र के किसान कपास व सब्जिया बुआाई कि तैयारी में जुट गए है।


### जयपुर एसीबी ने वन विभाग के 5 कर्मचारियों को पकड़ा

# 1.05 लाख रुपए जब्त किए गए, रिश्वत राशि मानते हुए जब्त किया

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर एसीबी की टीम ने वन विभाग के 5 कर्मचारियों को अरण्य भवन में 1 लाख 5 हजार रुपए के साथ पकड़ा है। एसीबी को सूचना मिली थी कि ये लोग बड़ी राशि किसी को देने जा रहे हैं। इस पर एसीबी ने पहले सूचना की जांच की। इसके बाद अरण्य भवन पहुंची। यहां कार से पहुंचे पांच कर्मचारियों को सर्च किया गया। इस पर एसीबी को इनके पास से 1.05 लाख रुपए मिले। इन रुपयों के बारे में कोई भी एसीबी को सही जानकारी नहीं दे पाया। इस पर एसीबी ने पांचों कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

एसीबी के एडीजी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- जयपुर एसीबी की टीम ने वन विभाग के पांच कर्मचारियों की अरण्य भवन में कार से आते समय अचानक



चैकिंग की। इसके पास मिले कैश को संदिग्ध रिश्वत राशि मानते हुए जब्त किया गया है। एसीबी को गोपनीय सूचना मिली थी कि वन विभाग के कुछ कर्मचारी रिश्वत की बड़ी राशि एकत्रित कर कार में बूंदी से अरण्य भवन जयपुर ला रहे हैं। इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी डॉ. रवि के सुपरवीजन में एसीबी जयपुर टीम के उप अधीक्षक पुलिस अभिषेक पारीक के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया।

### एसीबी ने इनको पकड़ा

इस पर पुलिस निरीक्षक छोटी लाल ने अरण्य भवन में पहुंचकर बूंदी में रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के वन रक्षक राजकुमार शर्मा वन रक्षक, बूंदी के वरिष्ठ सहायक कार्यालय में उप वन संरक्षक शक्ति प्रकाश उप बन संरक्षक भैरूलाल गोस्वामी, उप वन संरक्षक राम सागर गुर्जर, बूंदी के रामगढ़ स्थित विषधारी टाइगर रिजर्स में सहायक वनपाल महावीर प्रसाद रैगर की तलाशी ली गई। इस दौरान राजकुमार शर्मा के पास 1.05 लाख रुपए मिले। पैसों को जब्त कर लिया गया। मामले में संदिग्ध कर्मचारियों से पूछताछ एवं कार्रवाई की जा रही हैं।

## राजस्थान के 9 जिलों में कल बारिश का अलर्टः 50 कीमी की स्पीड से चल सकती है आंधी, मई के पहले दिन सामान्य से 8 डिग्री तक नीचे आया पारा

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान में मई की शुरुआत राहत भरी रही। बुधवार को राज्य के कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई। गंगानगर, चूरू, बीकानेर, सीकर समेत कई शहरों में दिन का तापमान कल सामान्य से 8 डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज हुआ। बीती रात भी प्रदेश के कई शहरों में तापमान कम रहने से हल्की ठंडक रही। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 3 मई को एक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसका असर आज रात से उत्तर-पश्चिमी जिलों में देखने को मिल सकता है। यहां हल्की धूलभरी हवा चलने के साथ आसमान में देर रात बादल छा सकते हैं। राज्य में कल गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, बीकानेर, सीकर, पिलानी, जयपुर, अजमेर में दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। हनुमानगढ़ में कल दिन में सबसे कम गर्मी रही, यहां का अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री सेल्सियस रहा। गंगानगर में दिन का अधिकतम तापमान 32.8, चूरू में 33.8, सीकर में 33, अलवर में 34.5, जयपुर में 34.8, अजमेर में 34.9, बीकानेर में 34.3 और पिलानी में 34.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### बाड़मेर रहा सबसे गर्म

राज्य में बुधवार को सबसे ज्यादा गर्मी बाड़मेर जिले में रही। यहां अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। हालांकि, ये तापमान यहां के सामान्य तापमान से 1.6 डिग्री सेल्सियस कम है। कल डूंगरपुर, जालोर में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, जोधपुर के लोगों को भी गर्मी से राहत रही, यहां कल अधिकतम तापमान क्रमशः 35.6 और 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## पानी की मोटर चलाते समय करंट की चपेट में आने से युवा किसान की हूई मौत

राजस्थान की राजनीति



**दबलाना/सुरेंद्र गौतम।** दबलाना थाना क्षेत्र के दरा का नयागांव में गुरुवार को फसल की सिंचाई के लिए बोरिंग में लगी पानी की मोटर को चलाते समय करंट की चपेट में आने से युवा किसान रमेश 30 पुत्र गोपाल लाल प्रजापत की मौत हुई। हेड कांस्टेबल बद्री लाल मीणा ने बताया कि मृतक फसल की सिंचाई करने के लिए बोरिंग में लगी हुई मोटर को चलाने के लिए जैसे ही बटन दबाने लगा तो बॉर्ड पर लगे स्टार्टर में एकाएक बिजली का करंट आने बुरी तरह झुलस गया । करंट का झटका लगने पर वह चिल्लाया तो पास के मकान में मौजूद सभी परिजन दौड़कर के आए लेकिन वह अचेत होकर के गिर गया। बेहोशी की स्थिति में परिजन उपचार के लिए बूंदी अस्पताल ले गए जहां चिकित्त्सक ने मृत घोषित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा करके परिजनों को सौपा। मृतक के भाई नंदलाल प्रजापत की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की।

## पांच विद्युत सब स्टैशनो की विघुत सप्लाई बन्द रहेगी आज

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** शुक्रवार को रखरखाव एवं मरम्त कार्य के चलते 33 केवी विद्युत सब स्टेशन बिलीयावास, कतापुर, बघाना, कोटकासिम एवं जोडिया से निकलने वाले सभी 11 केवी फिडरो की विद्युत सप्लाई बन्द रहेगी। विद्युत कनिष्ट अभियंता एवं एचटीएम अंकीता यादव ने बताया कि शुक्रवार को विद्युत लाईनो के रखरखाव एवं मरम्त कार्य के चलते 33 केवी विद्युत सब स्टेशन बिलीयावास, कतोपुर, बघाना, कोटकासिम एवं जोडिया से निकले वाली सभी 11 केवी फिडरो की विद्युत सप्लाई सुबह आठ बजे से दस बजे तक बन्द रहेगी।

## आठ मई को शिव भोलेनाथ का विशाल भण्डारा एवं रागनी कम्पटिशन का होगा आयोजन

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** क्षेत्र के गाव मेवली में शिवालय के प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भोलेनाथ का विशाल भण्डारा एवं रागनी कम्पटिशन का अयोजन धूमधाम के साथ आठ मई को आयोजित किया जावेगा। मन्दिर कमेटी के सदस्यो ने बताया कि इस अवसर पर मन्दिर के प्रांगण में सुबह हवन यज्ञ का अयोजन किया जावेगा व हवन के पश्चात सुबह दस बजे से विशाल भण्डारे का अयोजन के साथ ही प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा रागनी कम्पटिशन का आयोजन भी किया जावेगा।

## एक ही रात में अलग-अलग स्थानो से अज्ञात चोरो ने गौवंश चोरी की घटना को दिया अंजाम

### पशुपालक ने कराया पुलिस थाने में चोरी का मामला दर्ज

राजस्थान की राजनीति

**कोटकासिम (चेतराम सैनी)।** गत रात्री को जकोपुर गांव के खेतो में एक पशुपालक अपने परिवार सहित मकान बनाकर रह रहा है तथा अपने पशुओ को भी मकान की चारदीवार के अन्दर रखता है। उसके बावजूद भी गत रात्री को अज्ञात चोरो द्वारा एक गाय व एक गौवंश को पीकअप गाडी में चोरी कर ले गए। वहीं आलमपुर निवासी एक पशुपालक जो कोटकासिम-रेवाडी मुख्य सडक मार्ग के पास मकान में रह रहा है। मकान के बाहर बंधी एक गाय को चोरी कर लिया गया। पुलिस सूत्रो के अनुसार बलवन्त सिंह पुत्र गोपीचन्द यादव ग्राम रामपुर अपने खेत पर गुजरीवास व जकोपुर रोड पर मकान बनाकर रहता है। एक मई की रात्री को अज्ञात चोरो द्वारा पीकअप गाडी से एक गाय व एक गौवंश को चोरी कर लिया। पशुपालक बलवन्त सिंह ने बताया की रात्री 12 बजे नींद खुली तो मेरी एक गाय व बछिया गायब मिली। इधर-उधर तलाशने पर भी कोई सुराग नही मिला। सडक के पास पीकअप गाडी के टायरो के निशान पाए गए। जिससे ग्रामीणों ने अनुमान लगाया कि अज्ञात चोरो द्वारा गाय व बछिया को पीकअप गाडी में चोरी कर ले गए है। इसके अलावा मेवा देवी पत्नी जीतराम जाति जाट निवासी आलमपुर का मकान कोटकासिम रेवाडी रोड के पास में रात्री के समय घर के सामने बंधी उसकी गाय को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया। चोरी की मामले की पशुपालक द्वारा पुलिस थाना कोटकासिम रिपोर्टदर्ज करा दी गईहै।

## शर्मनाक रिकॉर्डः गंदी बात सर्च करने में देश में राजस्थान नंबर वन; हर माह 20 हजार लोग अश्लील वीडियो देख रहे

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** अश्लील वीडियो सर्च करने के मामले में देश में राजस्थान नंबर एक पर है। इंटरनेट ट्रैफिक ट्रेंड और पूरी दुनिया में अश्लील वेबसाइट और कंटेंट निगरानी रखने वाली संस्था एनसीएमईसी के अनुसार भारत में इन दिनों अश्लील वेबसाइट व कंटेंट कुछ फेमस सोशल मीडिया वेबसाइट व ओटीटी वेबसाइट से भी ज्यादा सर्च की जा रही हैं। जनवरी से अप्रैल माह तक का ट्रेंड देखें तो टॉप-10 वेबसाइट में दो गंदी वेबसाइट है। सेमरश के अनुसार टॉप-10 में शामिल दो अश्लील वेबसाइट पर भारत से हर माह 100 करोड़ से ज्यादा विजिट हो रहे हैं। जो पूरी दुनिया के ट्रैफिक का 60त्न से ज्यादा है। देखने का समय औसतन 10 मिनट है। एनसीआरबी के सायबर टिप लाइन रिकॉर्ड के अनुसार राजस्थान में हर माह 20 हजार से ज्यादा बच्चों के अश्लील वीडियो शेयर कर देखे जा रहे हैं। लेकिन मात्र 0.20त्न मामलों में ही केस दर्ज हो रहा है।

### राजस्थान में 14 माह में 2.71 लाख लोगों ने देखे अश्लील वीडियो

अमेरिका का एनजीओ (एनसीएमईसी) सॉफ्टवेयर से सोशल मीडिया पर बच्चों के अश्लील वीडियो पर निगरानी रखता है। जो कंट्री वाइज रिपोर्ट भेजती है। भारत में ये रिपोर्ट नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के पास आती है। इसके अनुसार पिछले 14 माह में राजस्थान को 271533 रिपोर्ट मिली है। अश्लील कंटेंट पर पूरी निगरानी, अब तक 107 अश्लील वेबसाइट बंद कराई।

# पेट्रोल पंप की जमीन के लिए पुलिस पर बरसाए पत्थर, 3 थानों से टीम पहुंची, जवाबी कार्रवाई में नाबालिग समेत कई लोग घायल

**भुसावर**

पेट्रोल पंप की जमीन पर निर्माण कार्य का विरोध करने पहुंचे ग्रामीणों ने गुरुवार को पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके कारण अफरा-तफरी मच गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी हल्का बल प्रयोग किया, जिसमें एक नाबालिग समेत कुछ लोग घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना भरतपुर के भुसावर स्थित हिंडौन रोड पर मन्नू वाली हनुमान मंदिर के सामने दोपहर 12 बजे हुई, जहां ग्रामीण पेट्रोल पंप के निर्माण को लेकर ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस की कार्रवाई के बाद गुस्साए लोगों ने सीओ कार्यालय के पास हिंडौन सड़क मार्ग पत्थर और छड़ियां डालकर जाम कर दिया। साथ ही पुलिस व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर हंगामा किया। मौके पर क्यूआरटी टीम, वैर, भुसावर और हलैना थाने के 100 से अधिक पुलिस के जवान तैनात है और ग्रामीणों से समझाइश का प्रयास किया जा रहा है। मामले में नगर पालिका चेयरमैन ने भी जमीन के विवाद में जांच शुरू कर दी है। भुसावर एसएचओ सुनील गुप्ता ने बताया- भुसावर के हिंडौन रोड पर मन्नू वाली हनुमान मंदिर के सामने जमीन पर पेट्रोल पंप के लिए गुरुवार सुबह निर्माण कार्य शुरू किया था। इसकी सूचना के बाद जमीन के मालिक मूलचंद सैनी के परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचें। लोगों ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए काम बंद कराने का प्रयास किया। सूचना के बाद जाब्ते के साथ पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारी लोगों को खदेड़ने का प्रयास किया तो गुस्साए लोगों ने पथराव किया। इसके कारण प्रदर्शनकारियों ने 12.30 से एक बजे तक हिंडौन सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने बताया- घाटरी पूर्व सरपंच कप्तान के पेट्रोल पंप अलॉट हुआ था। पूर्व सरपंच ने मूलचंद सैनी से 20 साल के लिए जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद पट्?टा लेकर नियमानुसार विभागीय कार्यवाही के बाद कलेक्टर से NOC लेकर पेट्रोल पंप आवंटित करवाया था। कप्तान ने शिकायत की थी कि कुछ लोग पेट्रोल पंप का काम नहीं करने दे रहे हैं। इसी वजह से पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश का प्रयास किया। मूलचंद सैनी के परिजन गब्बर सैनी ने बताया- पूर्व सरपंच जमीन पर कब्जा कर पेट्रोल पंप लगाना चाहता है। फर्जी तरीके से मूलचंद सैनी की जमीन का पट्टा बनवा लिया। नगरपालिका में शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। दो महीने पहले FIR भी करवाई थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। जमीन पर निर्माण कार्य का विरोध करने पहुंचे तो पुलिस ने मारपीट की है। एडवोकेट पुरुषोत्तम पुष्प ने बताया कि मूलचंद ने 2019 में पूर्व सरपंच कप्तान को 625 वर्गगज जमीन 20 साल के लिए लीज पर थी। जिसका 10 हजार प्रति महीना किराया तय हुआ था। 2022 में मूलचंद सैनी की मौत के बाद पूर्व सरपंच कप्तान ने लीज की जमीन पर ही पालिका से 2023 में पट्टा जारी करवा लिया। फर्जी तरीके से पट्?टा जारी करवाकर पेट्रोल पंप अलॉट करवाया और कलेक्टर से NOC भी ले ली।





## दो दिन पहले घर से बिना कहे निकला, शव मिला, रेलवे स्टेशन के पास पेड से लटका



**भरतपुर**

भरतपुर के सेवर थाना इलाके में एक व्यक्ति का शव रेलवे स्टेशन के पास पेड़ से लटका मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब वे रेल की पटरियों की तरफ गए तो उन्हें शव दिखाई दिया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। शव की तलाशी लेने पर आधार कार्ड मिला। इससे पुलिस ने व्यक्ति की शिनाख्त की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार- पेड़ से लटका मिला शव नदबई थाना इलाके के करई गांव निवासी भयंकर सिंह (36) का था। वह मानसिक रूप से बीमार था। उसका इलाज भी चल रहा था। घर से 2 दिन पहले वह बिना बताए निकला था। परिजनों ने बताया- दो दिन तक तलाश की। आस-पास पता किया लेकिन उसका पता नहीं चला। फिर गुरुवार को पुलिस ने घटना की जानकारी दी। बताया कि सेवर थाना इलाके में पटरियों के पास भयंकर सिंह का शव पेड़ से लटका मिला है। हमआरबीएम अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर सौंपा।

## दलित युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट, गांव की गलियों में घसीटा

**चूरू**

सालासर थाना इलाके के गांव राजीयासर में पुरानी रंजिश को लेकर दलित युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। गांव के कुछ दबंगों ने दलित युवक को नीम के पेड़ से बांधकर बेल्ट और रस्सियों से मारपीट की है, जिससे युवक की पीठ पर गहरे जख्त हो गए है। इसके बाद युवक को गांव की गलियों में बांधकर घसीटा गया है। पीड़ित युवक ने सालासर थाने में भी इसकी शिकायत की। मगर वहां भी पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं गई है। पीड़ित युवक न्याय की आस लेकर परिजनों के साथ एसपी ऑफिस पहुंचा। जहां उसने पूरी बात एसपी को बताई। एसपी ऑफिस में पीड़ित नानूराम ने बताया कि गांव राजीयासर में पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गांव के भंवरसिंह, गोविन्द सिंह, डूंगर सिंह, भींवसिंह, शिवसिंह और हंसा ने 28 अप्रैल को नीम के पेड़ से बांधकर रस्सियों और बेल्ट से मारपीट की, जिससे युवक की कमर पर गहरे जख्म हो गए। उसने बताया कि मारपीट की घटना को अंजाम देकर दबंगों ने गांव की गलियों से उसको घसीटा। पीड़ित ने इसको लेकर सालासर थाने में भी शिकायत की, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़ित युवक अपने परिजनों को लेकर एसपी ऑफिस पहुंचा, जहां उसने अपनी पीड़ा एसपी जय यादव को बताई। इस संबंध में एसपी जय यादव ने बताया कि मामले को लेकर संबंधित पुलिस से जानकारी ली गई, जिसमें सामने आया कि युवक शराब के नशे में राजीयासर गांव गया था। जहां कोई छेड़छाड़ की घटना हुई थी। इसको लेकर गांव के लोगों ने युवक के साथ मारपीट की है। वहीं, संबंधित युवक की मेडिकल रिपोर्ट में भी नशे की पुष्टि हुई है।

## घर के आंगन में सो रहे थे परिवार के लोग, मौका पाकर कमरे में घुसे चोर

**जोधपुर**

जोधपुर ग्रामीण के लूणी थाना क्षेत्र के सरेचा गांव में स्थित मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर घर में कमरे के अंदर रखे बक्से के ताले तोड़कर सोने चांदी के जेवरात और नकद रुपए चुरा कर ले गए। घटना के समय मकान में रहने वाले लोग आंगन में सो रहे थे। गहरी नींद का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सुबह उठने पर मकान में रहने वाले लोगों को इसका पता चला और थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। चोर घर से नगद रुपए पर चुरा कर ले गए। पुलिस अब अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी है। थाने में दी रिपोर्ट में भीमाराम पटेल निवासी ग्राम सरेचा ने बताया कि 1 मई की रात को अपने परिवार सहित घर के आंगन में सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर घर में घुसे और घर के कमरे और उसके अंदर रखे बक्से के ताले तोड़कर सोने और चांदी के जेवर और नगद रुपए चुरा कर ले गए। चोर 20 तोला से अधिक वजनी सोना और चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। जिसमें चार तोला वजनी रखड़ी, गले की चेन, कंठी, अंगूठी सहित चांदी के कंदोरा और पायल भी शामिल है।



## किडनैप-मारपीट मामले में फरार चल रहा इनामी बदमाश गिरफ्तार





**दौसा**

दौसा जिले की सैंथल थाना पुलिस ने किडनैप-मारपीट के मामले में फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। थाना इंचार्ज घासीराम ने बताया कि आरोपियों ने 29 नवंबर 2023 को बीनावाला गांव से युवक राहुल गुर्जर का अपहरण किया था। उसे सुनसान जगह ले जाकर बेरहमी से मारपीट की थी और हाथ-पैर तोड़ दिए थे। इसके बाद घायल अवस्था में युवक को सैंथल कस्बे में पटक कर फरार हो गए थे। इसकी सूचना पर पुलिस ने युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्जकर दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था। वहीं फरार चल रहे आरोपों पर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। पुलिस ने आरोपी अमर सिंह उर्फ छोटू गुर्जर निवासी बीनावाला को गिरफ्तार किया है। वहीं मानपुर थाना पुलिस ने बिजली विभाग सिकराय के कनिष्ठ अभियंता व टेक्नीशियन के साथ मारपीट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में 30 मार्च को सहायक अभियंता कमलेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि पीपलकी गांव में राजस्व वसूली अभियान के दौरान 15 मार्च को जेईएन विनोद बैरवा व टेक्नीशियन सुरेंद्र सैनी के साथ रामसिंह गुर्जर ने मारपीट की। इसे पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वहीं एनआई एक्ट में ईंटका निवासी राजू उर्फ राजू बैरवा को भी गिरफ्तार किया है।

## पुलिस चंबल में तलाश रही थी, छात्रा लुधियाना में मिली, कोचिंग स्टूडेंट बोली- पढ़ाई की जगह भक्ति में मन

**कोटा**

कोटा से लापता हुई कोचिंग छात्रा को पुलिस चंबल नदी में तलाश रही थी और वह लुधियाना में मिल गई। छात्रा ने कहा- उसका मन भक्ति में है। पुलिस और घरवालों को गुमराह करने के लिए कमरे में सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें चंबल में कूदकर खुदकुशी की बात कही थी। थानाधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि 23 अप्रैल को छात्रा की गुमशुदगी अनंतपुरा थाने में दर्ज करवाई गई थी। छात्रा कौशांबी नगर (यूपी) की रहने वाली है और कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी। वह गोबरिया बावड़ी इलाके में पीजी में रहती थी। छात्रा 21 अप्रैल को टेस्ट देने के लिए पीजी से कोचिंग गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। उसके घरवालों ने उसे कई बार कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इधर, वह पीजी नहीं पहुंची तो मकान मालिक ने भी कोचिंग में जानकारी दी। उसके घरवाले कोटा पहुंचे और छात्रा की तलाश करने लगे थी। मंगलवार शाम को उसकी लोकेशन लुधियाना में मिली, जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में लुधियाना पहुंची और वहां से उसे पकड़कर घरवालों को सौंपा। छात्रा ने कोटा से जाने से पहले एक सुसाइड नोट अपने रूम में छोड़ा था। पुलिस को उसके कमरे की तलाशी में सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उसने चंबल में कूदने की बात लिखी थी। इसके आधार पर पुलिस ने चंबल नदी में छात्रा की तलाश करवाई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा था। इस दौरान छात्रा की कॉपी में राधा-रानी के नाम लिखे मिले थे। जांच में पता चला कि छात्रा होली पर वृंदावन गई थी और वहां इस्कॉन मंदिर के पास रही। इसके बाद पुलिस की एक टीम चंबल में तलाश करती रही और दूसरी टीम वृंदावन गई। हालांकि छात्रा दोनों ही जगह नहीं मिली। सीआई भूपेंद्र ने बताया कि मंगलवार को ही वह लुधियाना पहुंची थी। लोकेशन मिलने पर उसे दस्तयाब किया गया। छात्रा ने जो सुसाइड नोट लिखा था, उसमें अपना दर्द लिखा। संभावना है कि उसने सुसाइड की कोशिश भी की हो। छात्रा ने शुरुआती पूछताछ में बताया- कोटा आने के बाद पढ़ाई में उसका मन नहीं लग रहा था। पढ़ाई ठीक से नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा वह धार्मिक रुचि भी रखती थी। पुलिस ने बताया कि छात्रा 21 को कोटा से निकली थी। इसके बाद दिल्ली और लुधियाना चली गई। लुधियाना में उसके परिचित का परिवार रहता है। ऐसे में वह उनके घर पहुंच गई। लुधियाना पहुंचने पर छात्रा ने अपना मोबाइल भी ऑन कर लिया। उसकी लोकेशन के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को दस्तयाब किया। छात्रा के घरवाले भी वहां पहुंच गए थे। पुलिस ने छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।




## धौलपुर में निर्माणाधीन मकान की छत गिरी, 2 की मौत, ईंट का पिलर टूटने से दब गए थे 8 मजदूर

**धौलपुर**

धौलपुर में निर्माणाधीन मकान की तीसरी मंजिल की छत गिरने से 8 मजदूर मलबे में दब गए। इनमें से 2 मजदूरों की मौत हो गई। 6 घायल हैं। करीब 2 घंटे चले रेस्क्यू के बाद दो मजदूरों के शव निकाले। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामला बाड़ी कोतवाली थाना क्षेत्र में संत नगर सड़क मार्ग की राजपूत कॉलोनी का बुधवार रात 12 बजे का है। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। लोगों ने पुलिस और उपखंड प्रशासन अधिकारियों को सूचना दी। फौरन मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू शुरू किया। बताया जा रहा है कि ईंट का पिलर टूटने से हादसा हुआ।

### मकान में काम कर रहे थे 20 मजदूर

बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा ने बताया- बाड़ी शहर के संत नगर सड़क मार्ग पर नीरज कुमार के मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। मकान में करीब 20 मजदूर काम कर रहे थे। मकान की तीसरी मंजिल पर 8 मजदूर आरसीसी छत डालने का काम कर रहे थे। रात करीब 12 बजे छत भरभरा कर गिर गई। तीसरी मंजिल की छत पर काम कर रहे 8 मजदूर नीचे गिर गए और मलबे में दब गए। मटेरियल चढ़ा रहे अन्य 12 मजदूरों में भगदड़ मच गई। घटना की सूचना बाड़ी कोतवाली थाना पुलिस को दी गई। पुलिस और उपखंड प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। मलबे के अंदर फंसे लोगों को करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। एसडीएम ने बताया- हादसे में लखन (35) पुत्र रामचरण लोधा निवासी मूसलपुर और भोला (32) पुत्र सोहनलाल की मौत हो गई। मलबे में दबने से कृपाल पुत्र रामजीलाल, बृजमोहन पुत्र कन्हैया लाल कोली, भूरी पुत्र रामशरण, लौके पुत्र भूरी सिंह, गोपीचंद पुत्र लक्ष्मण सिंह सहित 6 मजदूर घायल हो गए। घायलों को बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल धौलपुर में रेफर किया गया। 4 मजदूरों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगरा के हायर सेंटर पर रेफर किया गया है। दो मजदूरों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों के शव जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिए हैं।



### ईंट के पिलर टूटने से हादसा

प्रत्यक्षदर्शी चरण सिंह ने बताया कि तीसरी मंजिल के नीचे ईंट के पिलर लगे थे। काम पूरा ही होने वाला था। इतने में ईंट के पिलर टूट कर नीचे गिर गए। मजदूर भी नीचे आ गिरे और मलबे में दब गए।

## बहन ने भाई-भाभी पर तेजाब फेंका, गैस सिलेंडर का पाइप निकालकर आग लगाने की भी कोशिश की

**सवाई माधोपुर**

लेन-देन के विवाद में बहन ने भाई-भाभी पर तेजाब फेंक दिया। इस दौरान गैस सिलेंडर की पाइप निकालकर आग लगाने की भी कोशिश की। पति-प%ी के चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। पड़ोसी दंपती को अस्पताल ले गए। पीड़ित थाने पहुंचा तो पहले पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। SP ममता गुप्ता के निर्देश पर बुधवार देर शाम मामला दर्ज किया गया। घटना सवाईमाधोपुर के मानटाउन इलाके के खेरदा की है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित सुरेश चंद सोनी (54) निवासी मोती नगर खेरदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि 25 अप्रैल को वह अपने घर मोती नगर खेरदा में खाना खा रहा था। रात करीब 10 बजे छोटी बहन गुड्डी (50) प%ी कैलाश सोनी, भांजी प्रिया (25), रूपसिंह, हरीश सोनी और अन्य अज्ञात 2-3 लोग गाली-गलौज करते हुए मकान पर पत्थर फेंकने लगे। इस दौरान जबरन घर में घुसकर रसोई की खिड़की तोड़कर गैस सिलेंडर की पाइप निकालकर आग लगाने की कोशिश की। रोकने गए तो प्रिया, गुड्डी ने तेजाब फेंक दिया। इससे सुरेश की आंख, चेहरा और पिंकी की गर्दन से कमर तक और हाथ झुलस गया। सुरेश और पिंकी के चिल्लाने पर पड़ोस के लोग मौके पर आए, जिनको देखकर सभी आरोपी फरार हो गए। घटना को लेकर पीड़ित मानटाउन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। परिवार का मामला बताकर टाला जाता रहा। इसके बाद पीड़ित सुरेश चंद सोनी ने 1 मई को SP ममता गुप्ता के सामने पेश होकर न्याय की गुहार लगाई। इस पर SP ने मानटाउन थानाधिकारी राधारमण गुप्ता को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। जिसके बाद शाम 7 बजे मामला दर्ज हुआ। दरअसल सुरेश चंद सोनी और पिंकी सोनी की साल 1999 में शादी हुई थी। सामने आया कि है सुरेश का अपनी बहन गुड्डी से लेन-देन को लेकर विवाद चल रहा है। हमले से पहले 23 अप्रैल को भी इसी बात पर दोनों में कहासुनी हुई थी। थानाधिकारी राधारमण गुप्ता ने बताया कि भाई-बहन के बीच रुपए के लेन-देन को लेकर विवाद था। गुड्डी अपने रुपए लेने गई थी। इस दौरान आपस में कहासुनी हुई और बात बढ़ गई। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।



## बोलेरो पलटने से पीडब्ल्यूडी जेईएन की मौत, दो घायल, सारथल घाटी में आधी रात को हुआ हादसा

**बारां**

बोलेरो जीप खाई में पलटने से उसमें सवार जेईएन की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य जेईएन गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए झालावाड़ रेफर किया गया है, जबकि शव को सारथल पीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। जहां गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसा बारां जिले के सारथल थाना क्षेत्र की सारथल में घाटी में बुधवार देर रात हुआ। एएसआई राधेश्याम सुमन ने बताया कि छबड़ा पीडब्ल्यूडी विभाग के जेईएन अभिषेक गुप्ता बुधवार रात को बिजली निगम जेईएन पुष्पेंद्र सिंह तथा पीएचईडी के जेईएन पवन लोधा के साथ सरकारी बोलेरो जीप से किसी काम के लिए सारथल गए थे। जहां से देर रात को वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब डेढ़ बजे सारथल में घाटी चढ़ते वक्त घुमाव पर बोलेरो जीप बेकाबू होकर करीब 15 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीनों इंजीनियर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने मदद के लिए रुककर तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को तुरंत सारथल पीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने पीडब्ल्यूडी के जेईएन सपोटरा के किशोरपुरा निवासी अभिषेक गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर घायल बिजली निगम जेईएन पुष्पेंद्र सिंह तथा पीएचईडी के जेईएन पवन लोधा को झालावाड़ रेफर कर दिया गया। सारथल थानाधिकारी धर्मपाल यादव ने बताया कि सारथल पीएचसी में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



## बाल विवाह रोकने को लेकर प्रशासन तैयार, अधिकारी ग्राम पंचायत स्तर की मशीनरी को सतर्क कर दें: एडीएम

**जैसलमेर**

10 मई अक्षय तृतीया को लेकर जिले में कहीं बाल विवाह ना हो इसको लेकर एडीएम मुन्नीराम बागड़िया ने आज अधिकारियों की बैठक ली। गुरुवार को जिला बाल संरक्षण इकाई की देखरेख में आयोजित बाल विवाह रोकथाम एवं संभावित कार्ययोजना के सम्बन्ध में बैठक के दौरान एडीएम ने सभी को सजग रहने के निर्देश दिए। एडीएम मुन्नीराम बागड़िया ने बैठक में कहा कि बाल विवाह रोकथाम के संबंध में जिन विभागों को कार्ययोजना के दौरान जो गतिविधि करनी है उसको समय पर कराएं। इसमें लापरवाही नहीं बरतें। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जानकारी देने के निर्देश दिए। वहीं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों एवं दण्ड प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को अवगत करवाने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व पर संभावित होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए गुरुवार को एडीएम मुन्नीराम बागड़िया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में एक भी बाल विवाह न हो इसके लिए अधिकारी अपने तहत आने वाली ग्राम पंचायत स्तर की मशीनरी को अभी से ही सतर्क कर दें एवं पाबंद करें ताकि वे मुख्यालय पर रहें एवं कहीं पर भी बाल विवाह होने की संभावित सूचना मिलती है तो तत्काल ही जिला व पुलिस प्रशासन को अवगत कराएं ताकि समय रहते बाल विवाह रोकथाम की कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही स्कूलों में 10 मई से पहले प्रार्थना सभाओं में बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाने का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर तक ग्राम विकास अधिकारियों, पटवारियों, एएनएम,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि को भी पाबंद करने को कहा। उन्होंने कहा कि वे बाल विवाह के प्रति विशेष निगरानी एवं सतर्कता रखें एवं सुनिश्चित करें कि कोई भी बाल विवाह उनके क्षेत्र में ना हो। एडीएम मुन्नीराम बागड़िया ने जिला बाल कल्याण समिति को बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष कार्य करने के निर्देश दिए एवं कहा कि जिन जातियों व क्षेत्र में बाल विवाह की सम्भावना रहती है उस क्षेत्र में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करा। उन समाज के प्रमुख व्यक्तियों की बैठक लेकर उन्हें बाल विवाह नहीं हो इसके संबंध में जागरूक करावें। उन्होंने पुलिस विभाग को भी बाल विवाह रोकथाम के संबंध में पूरी सतर्कता बरतने को कहा। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता हेमाराम जरमल ने बैठक में बाल विवाह रोकथाम के संबंध में संभावित कार्ययोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की एवं इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली मुख्य गतिविधियों की भी जानकारी दी।



चिंतन

# जीएसटी में अगले दौर के सुधार वक्त की जरूरत

भारत देश में जारी आम चुनाव के दौरान रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े ने सरकार को आर्थिक मोर्चे पर राहत दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले माह अप्रैल में रिकार्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन ने नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत की है। सालाना आधार पर यह 12.4 फीसदी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले सबसे अधिक कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपये का था, जो संयोग से वित्त वर्ष 2023-24 के पहले माह अप्रैल में हुआ था। पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में ये 17.1 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले महीने मार्च 2024 में, जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा था। महीने-दर-महीने आधार पर कलेक्शन में 18 फीसदी का इजाफा है। सरकार ने 18 हजार करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड के बाद, अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी राजस्व 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल, 2023 की तुलना में 15.5 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच घरेलू लेन-देन और आयात में मजबूत वृद्धि के दम पर जीएसटी संग्रह ने यह रिकार्ड बनाया है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 को देखें तो इस वर्ष जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में 20 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू हुआ था, तब से सालाना दर सालाना जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि हो रही है। रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक स्तर पर पारदर्शिता लेकर आई है। अभी जीएसटी के चार स्लैब हैं, 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी व 28 फीसदी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2000 में जीएसटी पर अध्ययन के लिए एक समिति बनाई थी। उसमें एक टैक्स स्लैब की बात थी। जीएसटी पर राजनीतिक सहमति बनाने में 17 वर्ष लग गए। शुरू में इसे बहुत जटिल कर प्रणाली समझा गया, लेकिन इसमें सुधार होता गया, अभी यह अप्रत्यक्ष कर संग्रह का रिकार्ड बना रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और टैक्स कलेक्शन में दक्षता के चलते हुई है। नए वित्त के पहले महीने में कई ऐसे संकेतक हैं, जो अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर संकेत कर रहे हैं। लोगों ने एसी और शीतल पेय पर अधिक खर्च किया है। पेट्रोल की बिक्री में 12.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 24.5 लाख टन पहुंच गई है। बिजली की खपत 11 फीसदी बढ़ी है। थोक व खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में हैं, हालांकि खाद्य महंगाई दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। घरेलू और ग्लोबल वित्तीय व रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर सकारात्मक है। शेयर बाजार में सेंसेक्स व निफ्टी दोनों सूचकांक सर्वकालीन उच्च स्तर पर कारोबार किया है। सोने के भाव उच्च रहने के बावजूद भारत में सोने के आयात में वृद्धि हुई है। ये सभी दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। चुनावी वर्ष होने के चलते पूंजी बाजार में लिक्विडिटी बनी रहेगी। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक पारदर्शिता लेकर आई है, इसका सकारात्मक असर दिख रहा है। जीएसटी संग्रह में लगातार उछाल को देखते हुए अब सरकार को जीएसटी सुधार 2.0 की शुरूआत करनी चाहिए। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद जितनी जल्दी संभव हो, जीएसटी में अगले चरण का सुधार करना चाहिए। चार के बजाय तीन स्लैब किए जाने चाहिए। पेट्रो उत्पाद, एटीएफ, नेचुरल गैस आदि को जीएसटी के दायरे में लाने का साहसिक प्रयास होना चाहिए।

दरकार

विवेक शुक्ला



# प्रचार में फर्जी वीडियो जारी करने वालों पर लगाम लगे

लोकसभा चुनाव के कैंपेन ने अचानक गंभीर मोड़ ले लिया है। कैंपेन के दौरान आरोप-प्रत्यारोप तो लगते हैं। इसे कोई बुरा नहीं मानता, पर कोई दल चुनाव जीतने के लिए अपने विरोधियों के खिलाफ 'डीपफेक' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो जारी करे यह तो सही नहीं माना जा सकता। ताजा मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह ही डीपफेक' प्रौद्योगिकी का शिकार हो गए हैं। अमित शाह ने बीती 25 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में भाषण दिया था। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। फैक्ट चेक में ये वीडियो एकदम फर्जी साबित हुआ है। इस फर्जी वीडियो में गृहमंत्री अमित शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अब जरा सोचिए कि क्या कोई व्यक्ति देश में उपर्युक्त वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म कर सकता है? दरअसल अमित शाह के एक पुराने वीडियो को एडिट किया गया है, जिसमें वो मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे थे। इस ओरिजनल वीडियो में मुस्लिम की जगह एसटी और एसटी को जोड़ दिया गया है। हालांकि सवाल उठता है कि ऐसा कैसे संभव है कि फेक वीडियो बिल्कुल असली लग रहा है? जैसा कि मालूम है कि इन दिनों मार्केट में मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल बढ़ गया है। इस तकनीक में किसी के बोलने के लहजे और उसकी आवाज को मशीन लर्निंग की मदद से कैप्चर किया जाता है। दरअसल नई प्रौद्योगिकी की मदद से किसी वीडियो में ऐसे व्यक्ति के चेहरे को फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। जिस भी नेता या सियासी दल ने अमित शाह को आरक्षण खत्म करने की घोषणा करते हुए दिखाने वाले फर्जी वीडियो बनवाए और जारी करवाए उसने समाज में वैमनस्य फैलाने का कितना गंभीर कृत्य किया है। जाहिर है कि गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस उन शरारती तत्वों पर एक्शन ले रही है जो इस मामले में फंसे हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत राज्य कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। लग यही रहा है कि इस सारे मामले के तार बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। अहमदाबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले असम पुलिस ने भी इसको लेकर एक शख्स को गिरफ्तार किया था। दरअसल अमित शाह के खिलाफ डीपफेक केस की शिकायत भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एक बात समझ लें कि अगर डीफफेक या किसी अन्य तकनीक से अपने विरोधियों को बदनाम करने वालों पर कठोर एक्शन नहीं लिया गया तो फिर हालात काबू से बाहर होने लगेंगे। समाज में विभिन्न वर्गों में प्रेम और सदभाव खत्म हो जाएगा। लोकतंत्र की जान है स्वस्थ बहस और वाद- विवाद। इसमें ओछी हरकतों के लिए किसी को स्पेस नहीं मिलना चाहिए। अमित शाह चूंकि भाजपा के शिखर नेता हैं और उनके साथ जो खेल किया गया है उसके बाद भाजपा के नेता कहने लगे हैं कि कुछ समय पहले तक विपक्ष सत्ता पक्ष के खिलाफ केवल मौखिक आरोप ही लगाता था, लेकिन अब कुछ दल और उनके नेता तकनीक का सहारा लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं को बदनाम करने की साजिश रचने में जुट गए हैं। आजकल चल रही लोकसभा चुनावों के कैंपेन में यह भी बहुत बड़े स्तर पर कहा जा रहा है कि भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी। जरा सोचिए कि क्या बाबा साहेब अंबेडकर की सरपरस्ती में तैयार भारत के संविधान को कोई बदलाव कर सकता है? यह नामुमकिन है। सारा देश बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता है और उनसे प्रेरणा पाता है, इसलिए यह आरोप नहीं लगने चाहिए कि अगर भाजपा तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। फिलहाल सरकार को डीपफेक प्रौद्योगिकी का समाज को तार-तार करने वालों पर कठोर एक्शन लेना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह

> फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचना चाहिए, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है। यदि फ्रीबिज ये लाभ नहीं होता तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए।

# फ्रीबिज पर रोक लगाने की जरूरत

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचने की सलाह दी है, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे राज्य और केंद्र सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है अर्थात सड़क, स्कूल, अस्तपताल, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पाती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं।

फ्रीबिज के चक्कर में राज्य सरकारें राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमा का उल्लंघन करती हैं, जो राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। एफआरबीएम अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, कर राजस्व और कुल बकाया देनदारियां निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। अगर ऐसा करना जरूरी हो तो वह सिर्फ आपदा की स्थिति में ही किया जाना चाहिए। सुब्बाराव का कहना है कि फ्रीबिज के कारण कुछ राज्य सरकारें एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन कर रही हैं, जिसके कारण राज्य सरकारें कर्ज के दलदल में फंसती जा रही हैं, इसलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। सुब्बाराव के अनुसार मोदी सरकार को फ्रीबिज को रोकने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मामले में श्वेत पत्र पेश करने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच गहन और सारगर्भित बहस की जानी चाहिए और फ्रीबिज को रोकने के लिए ठोस नीति बनाकर जल्द अमल में लाना चाहिए। आम जनता को मुफ्त उपहारों की लागत और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करती है? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा था, ताकि आम जनता यह तय कर सके कि कौन सी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान आम जनता, समाज और देश की बेहतरी के लिए शिद्दत से प्रयास किया है। आमतौर पर श्वेत पत्र के जरिये सरकार कानून पेश करने से पहले नीतिगत प्राथमिकताएं प्रस्तुत करती है और इसकी मदद से विवादास्पद नीतिगत मुद्दों पर जनता की राय ली जाती है। उल्लेखनीय है कि सुब्बाराव से पहले भी मामले में सर्वोच्च अदालत सरकार को फ्रीबीज को बंद करने के लिए नसीहत दे चुकी है।




सर्वोच्च अदालत ने बीते महीनों, केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या चुनाव अभियानों के दौरान फ्रीबिज के लिए वादा करना और सत्ता में आने के बाद उसे अमलीजामा पहनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है?


फ्रीबिज से अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा कमजोर होता है और सरकार को अपनी व्यय प्राथमिकताओं में से विकास की प्राथमिकता से किनारा करना पड़ता है। राज्यों के राजस्व के स्रोत सीमित होते हैं, इसलिए राज्यों का बजट फ्रीबिज के कारण बेपटरी हो जाता है। आज कई राज्य सरकारें कर्ज में तय सीमा से अधिक डूबी हुई हैं। पंजाब ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 53.3 प्रतिशत कर्ज ले रखा है,जो कर्ज लेने वाले सभी राज्यों से सबसे ज्यादा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार किसी भी राज्य पर उसकी जीएसडीपी के 30 प्रतिशत से अधिक कर्ज नहीं होना चाहिए। पंजाब के अलावा अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पर भी उनके जीएसडीपी से बहुत ज्यादा कर्ज है। फ्रीबिज स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है, जिससे सही प्रतिनिधि संसद या विधानसभा में नहीं जा पाते हैं। फलतः आम जनता, समाज और देश के लिए समीचीन कानून का निर्माण नहीं हो पाता है। यूरोप के कुछ देश फ्रीबिज संस्कृति की वजह से ही आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान का भी इसी फ्रीबिज संस्कृति के कारण बुरा हाल है। बीते महीनों कर्नाटक में हजारों करोड़ रुपये चुनाव में किए वादों को पूरा करने में खर्च किए गए, जिसके कारण सरकार के एक मंत्री को कहना पड़ा कि सरकार के पास विकासात्मक कार्यों को पूरा करने के लिए पैसे नहीं हैं। मामले में जन-कल्याणकारी योजनाओं और लोक-लुभावन योजनाओं के बीच के अंतर को पारिभाषित करने की जरूरत है। इस क्रम में सब्सिडी को फ्रीबिज नहीं माना जाना चाहिए। सब्सिडी किसी भी क्षेत्र विशेष में कम विकास की स्थिति को बेहतर करने के लिए दी जाती है। भारत में आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। लिहाजा,उपेक्षित क्षेत्र में विकास को सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी देना जरूरी है। उदाहरण के तौर पर अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए घरों की छतों पर या दूसरी जगहों पर सौर पैनेल स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। यह नियम भी बनाना चाहिए कि बजट का कितना प्रतिशत जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन जन-कल्याणकारी योजनाओं पर पैसे खर्च किए गए हैं, क्या उससे आम जनता लाभान्वित हुई है? अगर किसी जन-कल्याणकारी योजना से आम जनता को कोई लाभ नहीं हुआ है या उनके जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है तो वैसी योजनाओं को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। आम जनता को भी आत्मावलोकन करने की जरूरत है कि फ्रीबिज से उन्हें लाभ हो रहा है या नहीं, यदि नहीं, तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए। लैपटॉप, स्मार्टफोन या साइकिल की ज्यादा उम्र नहीं होती है, लेकिन विकासात्मक कार्यों को लागू करने से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

सरकार को फ्रीबिज के अलावा कोरपोरेट्स को भी वैसी योजनाओं का लाभ देने से बचना चाहिए, जिनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। उदाहरण के तौर विकास की गति को तेज करने के लिए या किसी क्षेत्र विशेष को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े-बड़े कॉरपोरेट्स को अक्सर कर और ब्याज दर में छूट दी जाती है, लेकिन अनेक कॉरपोरेट्स ऐसे लाभों का दुरुपयोग करते हैं, जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य है कि सरकार कोई भी खर्च करे तो उसका सकारात्मक योगदान देश और समाज के विकास को सुनिश्चित करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हो।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## अहिंसा के प्रयोग



संकलित

दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित

प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते है कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चूका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मै तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करे तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## गर्मी ने बढ़ाई प्यास



जम्मू के बाहरी इलाके में सीमा के पास एक गांव में गेहूं की फसल की कटाई के दौरान एक महिला किसान पानी पीता हुई।

## आज की पाती

### डरने की जरूरत नहीं है

वैश्विक महामारी कोरोना ने जब सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया था, अमरीका, जर्मनी और अन्य बड़े बड़े देश भी इस महामारी से दहशत में आ गए थे और सारी दुनिया ने इससे बचने के लिए लॉकडाऊन लगा दिया था। उस दहशत भरे माहौल में दुनिया यह कह रही थी कि जल्दी से जल्दी इससे निपटने के लिए कोई दवा तैयार होनी चाहिए, इसके लिए लगभग सभी देशों ने प्रयास भी किए, बहुत से एक्सपेरिमेंट भी किए और वैज्ञानिकों ने इसका टीका तैयार कर लिया। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी कोव वैक्सीन तैयार की और इसे दुनिया के दूसरे देशों तक भी पहुंचाया गया। अब यह वैक्सीन फिर से सुर्खियों में है। इसकी वजह यह है कि एक ब्रिटिश नागरिक ने अपने यहां केस दर्ज करते हुए कहा है कि उसे इससे साइड इफेक्ट्स हुए हैं।

– *महेश काले, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### कांग्रेस को तीन चुनौतियां



कांग्रेस का शाही परिवार और उसके दरबारी मोदी पर चाहे जितना भी गुस्सा निकालें और गाली दें, लेकिन ये मोदी की गारंटी है। मेरी कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को तीन चुनौतियां हैं। हमने लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था। अब कांग्रेस गठबंधन ने वोट जिहाद का नारा दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निरंतर गतिमान रहें



बड़े लक्ष्य की संप्राप्ति छोटे-छोटे प्रयत्नों से होती है अत: निरंतर गतिमान रहें। आरंभ करना सदा ही कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा है। जैसे ही साधक बाधाओं से प्रभावित होकर श्रम बंद कर देता है उसी क्षण उसकी जीवन यात्रा संकुचित हो जाती है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### कम मतदान से चिंतित



आपके पत्र से पता चल रहा है कि आप चुनाव के पहले दो चरणों में कम मतदान से चिंतित हैं। यह दर्शाता है कि लोग आपकी नीतियों या आपके चुनावी भाषणों को लेकर उत्साहित नहीं हैं। दरअसल ऐसा गर्मी की वजह से नहीं हो रहा है, आपकी नीतियों से गरीब झुलस गए हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### पिक्चर रिलीज़ न होने दें



मोदी ने कहा "ये तो ट्रेलर है" जरा सोचिए अगर ये ट्रेलर है तो पिक्चर कितनी भयावह होगी? कृपया पिक्चर रिलीज़ होने से रोक दो भाइयों। संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं। विश्वविद्यालय हो या बीजेपी सरकारें आरक्षण में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक़ मारा।

-संजय सिंह, आप नेता

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
राजस्थान की राजनीति आपकी आवाज़ के साथ
राजस्थान के सभी जिलों से खबरें एवं विज्ञापन कार्य हेतु प्रतिनिधि बनने के लिए सम्पर्क करें
7610866001
Email : hr.tniawaaz@gmail.com
नोट : अनुभवी एवं साफ छवि वाले व्यक्ति ही सम्पर्क करें

हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान की राजनीति
www.rajasthankirajneeti.com
WE ARE HIRING JOIN OUR TEAM
पूर्वी राजस्थान (दौसा, भरतपुर, करौली, धौलपुर, सवाई- माधोपुर, अलवर) के सभी विधानसभा स्तर पर संवाददाताओं की आवश्यकता सम्पर्क करें
7610866001
HINDUSTAN PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING
A UNIT OF HAMARI PATRIKA MEDIA AND BROADCASTING (OPC) PVT. LTD. 1ST FLOOR, 18K3, PANKAJ SINGHVI MARG, NEAR RAJ. VIDHAN SABHA, JYOTI NAGAR, JAIPUR (RAJ.) MOB.: +91 7610866001, 8946840063
E-MAIL: editor.tniawaaz@gmail.comWEB.: www.tniawaaz.in www.hpnews.in

# कांग्रेस के विद्वान अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री के समय अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया



एजेंसी ⏭ सुरेंद्रनगर/ आणंद

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने गृहराज्य गुजरात के 2 दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सुरेंद्रनगर व आणंद के शास्त्री मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान लोगों से कहा कि 2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के पीएम बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। कांग्रेस सरकार में आए दिन एक बड़ा हव्वा था पाकिस्तान का। पाक के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस कीसरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। हमारी सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है।

> विपक्ष पर जबरदस्त निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। कई को तो बैंक भी मालूम नहीं थे। देश को कमजोर करने के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं किया।

## गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस की सरकारों को लिया आड़े हाथ

### देश ने कांग्रेस का 60 साल का राज भी देखा

मोदी ने कहा कि देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है और देश ने 10 साल भाजपा का सेवा काल भी देखा है। कांग्रेस के 60 साल के शासन में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत प्रतिशत शौचालय बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई यानी 20% भी नहीं, 10 साल में नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या 14 करोड़ घर हो गई है।



### 75 साल तक देश के सभी हिस्सों पर ये संविधान नहीं था

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कारण दशकों तक देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ हुए। सरदार साहब बहुत जल्दी चले गए, उसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। लेकिन, 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में 2 संविधान, 2 झंडे थे, 2 प्रधानमंत्री थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था।

### पाकिस्तान के आतंक का काम तमाम

पीएम मोदी ने कहा कि जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही, आए दिन एक बड़ा हव्वा था पाकिस्तान का। पाकिस्तान के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है।

### 10 साल में 50 करोड़ जनधन बैंक खाते

उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। इसके बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

### सारे विपक्षी दलों को हवा में उड़ा देंगे हमारे पायलट



सारण। गृह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के लिए चुनाव प्रचार किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश भी समझ चुके हैं कि भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। आज हमारी इतनी ताकत है कि जरूरत पड़ी तो भारत अपनी सीमा के उस पार भी मार सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में भी आप सभी का समर्थन प्राप्त होगा और सारे विपक्षी दलों को हमारे पायलट (राजीव प्रताप रूडी) हवा में उड़ा देंगे।

## सोनिया ने राहुल-प्रियंका से लड़ने को कहा

### भाजपा को थाली में न दो अमेठी और रायबरेली



नई दिल्ली। नेहरू-गांधी परिवार से कोई न कोई अमेठी और रायबरेली सीट पर लोकसभा चुनाव लड़े, ऐसा सोनिया गांधी की इच्छा है। खबर है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल गांधी को अमेठी और बेटी प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव न लड़ने के फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए फोन किया है। 3 मई को उत्तर प्रदेश की इन दो हाई-प्रोफाइल सीटों पर नामांकन का आखिरी दिन है। अमेठी में भाजपा की तरफ से 2019 में राहुल गांधी को हराकर गांधी परिवार का किला तोड़ने वाली स्मृति ईरानी लड़ रही हैं जबकि रायबरेली में कांग्रेस कैंडिडेट के ऐलान का इंतजार भाजपा कर रही है। सोनिया अब राज्यसभा में पहुंच गई हैं।

## जेपी नड्डा ने समझाया राजद का मतलब | भ्रष्टाचारियों का कुनबा है इंडी गठबंधन

अररिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा। लालू परिवार पर भी हमला बोला। नड्डा ने जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक के नेताओं के नाम गिनाते हुए पूछा फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, मुलायम सिंह परिवार, लालू परिवार चौटाला परिवार से लेकर गांधी परिवार तक का जिक्र किया बस यह सब अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि नड्डा ने कहा कि नरेंद्र मोदी 10 साल से सेवा कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है।



### ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है

आरजेडीपर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि राजद का मतलब बताते हुए कहा कि ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है।

### भारत मांगने वाला नहीं, देने वाला देश बना

नड्डा ने बताया कि पीएम ने कहा था कि विपक्ष ने टीके का विरोध किया और फिर चुपके से खुद ले रहे थे। आज भारत देने वाला देश बना है।

## बरेली में बोले गृहमंत्री शाह | 4 जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा उनका समापन

बरेली और बदायूं पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी मगर इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा। भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में कहा, 'हमारे सामने यह घमंडिया गठबंधन 'इंडी' चुनाव लड़ रहा है। राहुल ने चुनाव की शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की थी। मैं कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की गई थी मगर 4 जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो' यात्रा से इसका समापन होने वाला है।



### यह चुनाव देश को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने का है

उन्होंने दावा किया कि मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं। यह चुनाव देश के अर्थ तंत्र को सर्वोच्च पर ले जाएगा।

### 4 जून को 12.30 बजे 400 पार कर जाएगी भाजपा

शाह ने कहा कि आप परिणाम के दिन देख लेना, साढ़े बारह बजे के पहले एनडीए 400 पार कर जाएगी। मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन जाएंगे।

## मीसा भारती का पीएम पर हमला

### अग्निवीर 4 साल में रिटायर, इनको चाहिए तीसरा मौका



बिहटा। राजद प्रमुख लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने पीएम पर विवादित टिप्पणी की है। पटना के बिहटा में एक सभा के दौरान मीसा भारती ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ आप नौजवानों के लिए अग्निवीर योजना लेकर आए हैं, जिसमें नौजवान 4 साल में रिटायर होकर घर बैठेगा और ये बूढ़ा प्रधानमंत्री 75 साल की उम्र में एक और मौका मांग रहा है, लेकिन देश की जनता बेवकूफ नहीं है। काठ की हांडी बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ती है। उन्होंने कहा कि ये कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि ये देश बचाने का चुनाव है।

## खबर संक्षेप

### बृजभूषण के बेटे करण को कैसरगंज से टिकट

नई दिल्ली। भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से गुरुवार को महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण का टिकट काट दिया। उनकी जगह उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से चुनावी मैदान में उतारा है। करण सिंह शुक्रवार को करण नामांकन करेंगे। बता दें कि कैसरगंज लोकसभा सीट में 3 मई नामांकन की आखिरी तारीख है। करण सिंह बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे हैं। वे शादीशुदा हैं और उनके एक बेटा और एक बेटी है।

### रायबरेली से भाजपा के दिनेश सिंह प्रत्याशी

लखनऊ। रायबरेली सीट से नामांकन की तारीख खत्म होने के एक दिन पूर्व भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। 2019 में दिनेश सोनिया गांधी के खिलाफ इसी सीट से ताल ठोंक चुके हैं। यहां नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई है। कांग्रेस की ओर से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। यहां से राहुल के उतर सकते हैं।

## गैरजमानती वारंट पर सुप्रीम कोर्ट बोला

### आम तौर पर तो जारी नहीं किया जाना चाहिए गैर जमानती वारंट



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक हालिया फैसले में कहा है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका न हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि हालांकि गैर-जमानती वारंट जारी करने के बारे में कोई विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं है। शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि गैर-जमानती वारंट तब तक जारी नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ अथवा उसे नष्ट करने की आशंका न हो।

### समन का आदेश रद्द किया

कोर्ट ने समन के आदेश को रद्द करते हुए कहा इस संबंध में कानून में स्थिति स्पष्ट है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को तब तक प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में ऐसा करना जरूरी न हो।

### महिला जज के बोलने पर झेंप गए सीजेआई



निजी संपत्तियों को समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है और क्या 'सार्वजनिक कल्याण' में इस्तेमाल के लिए इसे राज्य प्राधिकार अपने कब्जे में ले सकता है? बुधवार को इस पर बहस होती रही। बेंच में शामिल पीठ की एक मात्र महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना तुरंत बोल पड़ीं, ओह, यह तो प्रशंसा है! जज के कमेंट पर सीजेआई झेंप गए और मुस्करा दिए।

## संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट की दो टूक

# सीबीआई जांच में सहयोग करे ममता सरकार', शिकायतों का सत्यापन हो

### महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न, आदिवासी भूमि पर कब्जे का मामला

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को आदेश दिया है कि वो मामले की जांच के लिए सीबीआई का पूरा सहयोग करे।

सीबीआई संदेशखाली में टीएमसी नेता द्वारा महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न और संदेशखाली में आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच कर रही है। चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने सीबीआई की दलील पर गौर किया। जिसमें कहा गया था कि आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के संबंध में प्राप्त 900 से अधिक शिकायतों का सत्यापन करते समय, राज्य सरकार केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रही है।चीफ जस्टिस शिवगणम ने आदेश देते हुए कहा कि संदेशखाली हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार जांच में सीबीआई का सहयोग करे।

### हाईकोर्ट ने सौंपी थी सीबीआई जांच



आरोप है कि शाहजहां ने गांव के निवासियों की जमीनें जबरदस्ती हड़प लीं, जिन्हें इस साल की शुरुआत में टीएमसी ने निलंबित कर दिया था। शेख और उसके सहयोगियों पर गांव में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया गया था। लगभग 55 दिन तक भागने के बाद आरोपी शेख को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी।

### डर के कारण महिलाओं ने दुराचार का केस नहीं किया

सुनवाई के दौरान भाजपा नेता और वकील प्रियांक टिबरेवाल ने कोर्ट को बताया कि उन्हें कथित यौन उत्पीड़न की पीड़ित महिलाओं के फोन आए थे। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं को शेख या उसके आदमियों के खिलाफ मामला दर्ज न करने की धमकी दी गई थी। रात में कुछ अजनबी उनके घरों में चले आए और उन्हें बताया कि वे पहले ही अपना सम्मान खो चुके हैं और अब अगर उन्होंने बलात्कार का मामला दर्ज कराया तो उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ेगी। इसलिए, महिलाएं सीबीआई के पास भी शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा

### केंद्र के नियंत्रण में नहीं सीबीआई



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीबीआई पर केंद्र का नियंत्रण नहीं है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी नहीं ली है। बंगाल सरकार ने केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ली गई थी।

### केंद्र ने दी ये दलील

संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के अधिकारक्षेत्र से संबंधित है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

## हॉट सीट आगराः सियासी जंग में भाजपा को चुनौती देते सपा व बसपा

# जातिगत समीकरण साधने के इरादे से त्रिकोणीय चुनाव मुकाबले के आसार


ओपी पाल ⏭ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश में ताजनगरी के नाम से सुविख्यात आगरा लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को होने वाले मतदान के लिए राजनीतिक दल जोड़तोड़ की सियासत के साथ चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

हालांकि इस सीट पर पिछले एक दशक से भाजपा का कब्जा है, लेकिन विपक्षी गठबंधन से समाजवादी पार्टी और अकेले दम पर चुनाव मैदान में उतरी बहुजन समाज पार्टी जातीय समीकरण साधकर चुनावी मुकाबले में है। इसलिए इस सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता।


पूजा अमरोही, बसपा


एसपी सिंह, भाजपा


सुरेश चंद्र,सपा

आगरा लोकसभा सीट पर आगामी सात मई को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के साथ यहां के लोगों में भी बेहद उत्साह का वातावरण है। कभी कांग्रेस का गढ़ बनी इस सीट पर सियासी समीकरणों ने समय समय पर ऐसी करवट ली है, कि कांग्रेस को इस सीट पर जीत के लिए तरसना पड़ रहा है। इस बार कांग्रेस नीत गठबंधन इंडिया की तरफ से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। जबकि बसपा अपने अकेले दम पर चुनाव मैदान में है।

यहां के सियासी समीकरणों में जातीय आधारित रणनीति बनाने में राजनीतिक दल ज्यादा विश्वास रखते हैं, जो वाजिब इसलिए भी है कि कुछ समुदाय ऐसे हैं जिन्हें कोई दल या प्रत्याशी भा गया तो उसकी जीत सुनिश्चत है। भाजपा ने मौजूदा सांसद प्रो. बघेल को इसलिए भी एक बार फिर प्रत्याशी बनाया है कि वह केंद्र में मंत्री होने के बावजूद आगरा लोकसभा क्षेत्र में सक्रिय रहा है।

भाजपा को टक्कर देने के इरादे से सपा व बसपा ने मुस्लिम व दलित वोट बैंक को आकर्षित करने की चुनावी रणनीति से अपने अभियान को अंजाम दिया है। इसलिए इस सीट पर प्रमुख रुप से चुनावी जंग भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशियों के बीच मानी जा रही है, जहां भाजपा जीत की हैट्रिक बनाने के इरादे से चुनाव मैदान में है। हालांकि छोटे दलो व निर्दलीय समेत यहां 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### पहली बार मतदान करेंगे 21 हजार युवा

लोकसभा चुनाव में आगरा में कुल मतदाताओं की संख्या 20,46,772 है। इनमें 11,64,714 पुरुष, 8,81,961 महिला तथा 97 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। इस सीट पर 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 21,343 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। वहीं इस सीट पर 7,193 दिव्यांग मतदाताओं के अलावा 357 मतदाता ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनकी आयु सौ साल से ज्यादा है। आगरा लोकसभा सीट पर 550 मतदान केंद्र और 1760 मतदेय स्थल हैं, जिनमें जलेसर विधासभा क्षेत्र के 124 मतदान केंद्र व 365 मतदान स्थाल(बूथ) भी शामिल हैं। इस सीट के 424 मतदेय स्थल संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। आगरा में 18 जोनल और 128 सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए जा रहे हैं।

### जातिगत समीकरण पर नजर

यूपी आगरा लोकसभा सीट पर चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों की नजर जातिगत समीकरण पर भी है, जहां सपा और बसपा ने उसी आधार पर अपने प्रत्याशियों को प्रत्याशी बनाकर भाजपा प्रत्याशी का मुकाबला करने के लिए चुनावी रणनीति बनाई है। जहां तक इस सीट पर जातिगत समीकरण का सवाल है उसमें इस सीट पर वैश्य और दलित मतदाताओं का वर्चस्व रहा है, जिनकी किसी भी दल की हार जीत में निर्णायक भूमिका रही है। इस सीट पर वैश्य मतदाओं की संख्या करीब 3.15 लाख है, तो दलित मतदाताओं की संख्या 2.70 लाख के करीब है। हालांकि यहा मुस्लिम मतदाताओं की भी सियासत में अच्छी पैठ है। यदि दलित और करीब ढाई लाख मुस्लिम

### लोकसभा सीट का सियासी इतिहास

यहां पर अब तक 17 चुनाव में 7 बार कांग्रेस काबिज रही है और खास बात ये है कि सातों पर यहां एक ही परिवार के बाप-बेटा कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा पहुंचे है, लेकिन पिछले चार दशक से कांग्रेस को इस सीट पर जीत का स्वाद नहीं मिल पा रहा है। इतिहास में पहले पांच चुनाव में यहां सेठ अचल सिंह ने अपना परचम लहराया है। 1977 में जनता पार्टी की लहर में कांग्रेस हार गई। लेकिन इसके बाद 1980 और 1984 में कांग्रेस केअचल सिंह के सुपुत्र निहाल सिंह निर्वाचित होकर लोकसभा पहुंचे हैं। 1989 के चुनाव में भाजपा समर्थित जनता दल ने जीत दर्ज की। 1991, 1996 व 1998 के चुनाव में भगवान शंकर रावत ने भाजपा का परचम लहराया।

### कौन हैं भाजपा, सपा व बसपा प्रत्याशी

भाजपा ने मौजूदा सांसद और मोदी सरकार में केंद्रीय न्याय एवं विधि राज्यमंत्री प्रोफेसर सत्यपाल सिंह बघेल पर फिर भरोसा जताया है। बघेल सब इंस्पेक्टर से महाविद्यालय में प्रोफेसर बने, जिन्होंने सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने राजनीति में दाखिला दिलाया। भाजपा ने उन्हें पिछला लोकसभा चुनाव आगरा से लड़ाकर जिताया और केंद्र में मंत्री बने। इस सीट पर सपा प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम जूता विक्रेता और बसपा के पूर्व कार्यकर्ता हैं। वे 2000 में बसपा के लिए मेयर पद का नामांकन लड़ चुके हैं। बसपा प्रत्याशी पूजा अमरोही कांग्रेस दिग्गज नेता सत्या बहन की बेटी हैं और मां के साथ राजनीति में हैं।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अनि./टाई | अंक | नेट र.र. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 10 | 8 | 2 | 0/0 | 16 | 0.622 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 6 | 3 | 0/0 | 12 | 1.096 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 10 | 6 | 4 | 0/0 | 12 | 0.094 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 0/0 | 12 | 0.072 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 10 | 5 | 5 | 0/0 | 10 | 0.627 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 11 | 5 | 6 | 0/0 | 10 | -0.442 |
| पंजाब किंग्स | 10 | 4 | 6 | 0/0 | 8 | -0.062 |
| गुजरात टाइटंस | 10 | 4 | 6 | 0/0 | 8 | -1.113 |
| मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0/0 | 6 | -0.272 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू | 10 | 3 | 7 | 0/0 | 6 | -0.415 |

# मुंबई के खिलाफ अपनी कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर

**मैच** ***शाम 7.30 बजे से***

**मुंबई (भाषा)।** खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। मिशेल स्टार्क प्रति ओवर 12 की दर से रन लुटा रहे हैं और उन्हें सात ही विकेट मिले हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज कोई कमाल नहीं कर पा रहा।

हर्षित राणा ने सर्वाधिक 11 विकेट लिए हैं लेकिन दिल्ली के अभिषेक पोरेल के विकेट पर अति आक्रामक जश्न मनाने के कारण उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। वैभव अरोड़ा ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए हैं। वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी जिन्हें टी-20 विश्व कप के लिए भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है। उन्हें इस साल आईपीएल में खेलने का अधिक समय ही नहीं मिल सका।

# चार स्पिनर चाहता था क्योंकि वेस्ट इंडीज में हालात की जानकारी है

**बोले** ***रोहित शर्मा***

**मुंबई (भाषा)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्ट इंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा, 'मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। हमने वहां काफी क्रिकेट खेली है। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है।' उन्होंने कहा, 'चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से आक्रामक स्पिनर (कुलदीप और चहल) और दो स्पिन हरफनमौला (अक्षर और जडेजा) है और इससे टीम को संतुलन मिलता है । विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे।'

भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। रोहित ने कहा, 'हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा। हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाज की जरूरत है। शीर्षक्रम ठीक खेल रहा है। दूसरे विकल्प भी हैं। हमने उसे (दुबे को) आईपीएल और उससे पहले कुछ मैचों में उसके प्रदर्शन के आधार पर चुना। इसकी कोई गारंटी नहीं है कि अंतिम एकादश कैसी होगी।'

उन्होंने कहा कि 70 से 80 प्रतिशत टीम आईपीएल से पहले ही सोच ली थी। उन्होंने कहा, 'आप अंतिम एकादश को ध्यान में रखकर उसके हिसाब से सोचते हैं। अंतिम 15 के बारे में बात आईपीएल से काफी पहले ही शुरू हो गई थी। कुछ स्थानों को लेकर हमने आईपीएल में विचार किया। आईपीएल में प्रदर्शन हर दिन बदलता है। कोई भी आकर शतक बना सकता है या पांच विकेट ले सकता है। हमें आईपीएल से पहले ही अपनी 70 से 80 फीसदी टीम पता थी।' रोहित ने कहा कि हरफनमौला दुबे और हार्दिक पांड्या को अपनी भूमिका पूरी तरह से निभानी होगी।

उन्होंने कहा, 'मैं उनसे वही करने की अपेक्षा करता हूं जो वे आईपीएल में कर रहे हैं। शिवम ने आईपीएल में एक भी ओवर नहीं डाला है लेकिन वह अनुभवी क्रिकेटर है जो लाल गेंद से क्रिकेट में काफी ओवर डालता है।' उन्होंने कहा, 'हुनरमंद गेंदबाजों के लिए टी-20 प्रारूप में सफल होने की संभावना अच्छी होती है। अगर हमें जरूरत हुई तो शिवम को कुछ ओवर डालने पड़ेंगे। इसी तरह से हार्दिक को भी जो आईपीएल में नियमित गेंदबाजी कर रहा है। उसने अभी तक सारे मैच खेले हैं तो फिटनेस का कोई मसला नहीं है।'

## संक्षिप्त खबरें

### महिला हॉकी टीम की कप्तानी सलीमा टेटे को

**नई दिल्ली।** मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है। **टीम** - गोलकीपर : सविता, बिछू देवी खारीबाम। डिफेंडर : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी। मिडफील्डर : सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी। फॉरवर्ड : मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

### साद बिन टी-20 विश्व कप में कनाडा टीम के कप्तान

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरुष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। **टीम** - साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा। रिजर्व : ताजिंदर सिंह, आदित्य वर्धराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

### शास्त्री और यूनाइटेड भारत सुपर सिक्स के करीब

**नई दिल्ली।** गौतम और प्लेयर ऑफ द मैच दीपू एल्सन के शानदार गोलों की मदद से शास्त्री एफसी ने अजमल एफसी को 2-0 से हरा कर डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के सुपर सिक्स में पहुंचने की मजबूत दावेदारी पेश की। दिन के दूसरे मैच में भारत यूनाइटेड ने जगवार फुटबाल क्लब पर चार गोलों से एकतरफा जीत दर्ज की। विजेता के लिए सिंगसिट ने दो और मोहम्मद एजाज और सनिक मुर्मू ने एक-एक गोल किए। आज की जीत के साथ शास्त्री ने आठ मैचों में 14 और अजमल ने 11 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में निचले स्थान पर चल रहे जगवार ने एक और खराब मैच खेला और यूनाइटेड भारत को हावी होने का मौका दे दिया। विजेता टीम ने सात मैचों में 14 अंक जुटा लिए हैं जबकि जगुआर के अभी दो ही अंक हैं।

# सनराइजर्स ने राजस्थान पर एक रन से दर्ज की रोमांचक जीत

**हैदराबाद (भाषा)।** नितीश कुमार रेड्डी और ट्रेविस हेड के अर्धशतक के बाद डेथ ओवरों में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से सनराजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से हरा दिया। राजस्थान को अंतिम गेंद पर जीत के लिए दो रन की दरकार थी लेकिन भुवनेश्वर कुमार (41 रन पर तीन विकेट) ने रोवमैन पावेल (15 गेंद में 27 रन) को पगबाधा कर दिया जिससे टीम 202 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सात विकेट पर 200 रन ही बना सकी।

रियान पराग (77 रन, 49 गेंद, आठ चौके, चार छक्के) और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (67 रन, 40 गेंद, सात चौके, दो छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा तीसरे विकेट के लिए 134 रन भी जोड़े लेकिन राजस्थान को जीत नहीं दिला सके। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम पहले ओवर में एक रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। सनराइजर्स के लिए भुवनेश्वर के अलावा कप्तान पैट कमिंस और टी. नटराजन ने भी दो-दो विकेट चटकाए।


इससे पहले नितीश ने नाबाद 76 रन की कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने के अलावा सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड (58 रन, 44 गेंद, तीन छक्के, छह चौके) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 और हेनरिक क्लासेन (19 गेंद में नाबाद 42, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की जिससे सनराइजर्स ने तीन विकेट पर 201 रन बनाए। नितीश ने 42 गेंद का सामना करते हुए आठ छक्के और तीन चौके मारे। आवेश खान रॉयल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 39 रन देकर दो विकेट चटकाए। भारत की टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 62 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ओवर में ही जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन के विकेट गंवा दिए। ये दोनों खाता खोलने में भी नाकाम रहे। बटलर ने भुवनेश्वर की पारी की दूसरी गेंद पर ही स्लिप में मार्को यानसेन को कैच थमाया जबकि दो गेंद बाद सैमसन बोल्ड हो गए। जायसवाल और पराग ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने पावर प्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। पराग ने भुवनेश्वर पर दो चौकों और एक छक्के के साथ शुरुआत की। जायसवाल सात रन के निजी स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब यानसेन की गेंद पर कप्तान पैट कमिंस ने उनका कैच टपका दिया। जायसवाल ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए इसी ओवर में लगातार दो चौके मारे।

जायसवाल ने कमिंस का स्वागत दो चौकों और एक छक्के के साथ किया। पराग ने कमिंस पर छक्का जबकि यानसेन पर लगातार दो चौके मारे जिससे रॉयल्स ने 10वें ओवर में रनों का शतक पूरा किया। जायसवाल ने अगले ओवर में शाहबाज अहमद पर चौके के साथ 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

### स्कोर बोर्ड

| | |
|---|---|
| **सनराइजर्स हैदराबाद -** | |
| ट्रेविस हेड बो. आवेश खान | 58 |
| अभिषेक शर्मा का. जुरेल बो. आवेश खान | 12 |
| अनमोलप्रीत सिंह का. जायसवाल बो. संदीप | 05 |
| नितीश कुमार रेड्डी (नाबाद) | 76 |
| हेनरिक क्लासेन (नाबाद) | 42 |
| **अतिरिक्त -** | **08** |
| **कुल -** (20 ओवर में तीन विकेट पर) | **201** |
| **विकेटपतन -** 1/25, 2/35, 3/131 | |
| **गेंदबाजी -** बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0 | |
| **राजस्थान रॉयल्स -** | |
| यशस्वी जायसवाल बो. नटराजन | 67 |
| जोस बटलर का. यानसेन बो. भुवनेश्वर | 00 |
| संजू सैमसन बो. भुवनेश्वर | 00 |
| रियान पराग का. यानसेन बो. कमिंस | 77 |
| शिमरोन हेटमायर का. यानसेन बो. नटराजन | 13 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो. भुवनेश्वर | 27 |
| ध्रुव जुरेल का अभिषेक बो. कमिंस | 01 |
| रविचंद्रन अश्विन (नाबाद) | 02 |
| **अतिरिक्त -** | **13** |
| **कुल -** (20 ओवर में सात विकेट पर) | **200** |
| **विकेटपतन -** 1/1, 2/1, 3/135, 4/159, 5/181, 6/182, 7/200 | |
| **गेंदबाजी -** भुवनेश्वर कुमार 4-0-41-3, मार्को यानसेन 4-0-44-0, पैट कमिंस 4-0-34-2, टी. नटराजन 4-0-35-2, जयदेव उनादकट 2-0-23-0, नितीश कुमार रड्डी 1-0-12-0, शाहबाज 1-0-11-0, | |



*हैदराबाद : शानदार अर्धशतकीय पारियों के दौरान नितीश रेड्डी और ट्रेविस हेड।*

# भारत थॉमस और उबेर कप क्वार्टर फाइनल में हारा

**चेंगदू, चीन (भाषा)।** मौजूदा चैंपियन भारत अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहा जब पुरुष टीम को बृहस्पतिवार को थॉमस एवं उबेर कप बैडमिंटन फाइनल में चीन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि महिला टीम का अभियान भी जापान के खिलाफ 0-3 की हार के साथ खत्म हो गया। लक्ष्य सेन ही जीत दर्ज कर पाए।

भारत की ओर से सबसे पहले प्रणय उतरे जिन्हें कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी यु की के खिलाफ 66 मिनट में 21-15, 11-21, 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी और चीन ने 1-0 की बढ़त बना ली। सात्विक और चिराग को लगातार दूसरे दिन शिकस्त झेलनी पड़ी। उन्हें लियांग वेई केंग और वैंग चैंग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी के खिलाफ 15-21, 21-11, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा जिससे चीन ने 0-2 की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद ली शी फेंग को 13-21, 21-8, 21-14 से हराकर भारत को वापसी दिलाने का प्रयास किया। ध्रुव और साई हालांकि इसके बाद रेन शियांग यू और ही जी टिंग की दुनिया की 11वें नंबर की जोड़ी के खिलाफ 10-21, 10-21 से हार गए जिससे भारत की उम्मीद टूट गई।

इससे पहले दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरुआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से हराया। राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के. और श्रुति मिश्रा को नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया।

# टैलेंट क्रिकेट अकादमी ने सिटीजन क्लब को हराया

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सूर्यकान्त चौहान (4/35) और अर्पित राणा (3/42) की शानदार गेंदबाजी के बाद और अमन जायसवाल 42 रन नाबाद व 39 रन की पारियों से टैलेंट क्रिकेट अकादमी ने 49वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में सिटीजन क्रिकेट क्लब को चार विकेट से पराजित कर दिया। सिटिजन क्रिकेट क्लब की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए स्नेहाशीष साहा 76 रन, हितेश बूरा 42 रन और गगन वत्स 31 रन की पारियों के बावजूद 37.1 ओवर में 215 रन पर सिमट गयी। जवाब में टैलेंट क्रिकेट अकादमी ने 26.2 ओवर में छह विकेट पर 221 रन बनाकर मैच जीत लिया। सिटीजन क्लब के लिए प्रियांस जैन ने तीन, सिद्धांत बसंल ने दो और सिद्धार्थ जैन ने एक विकेट लिया।

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 की विजयी बढ़त बनाई

**तीसरा** ***टी-20***

**सिलहट (भाषा)।** गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की सीरीज में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत को शेफाली और स्मृति ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। स्मृति ने मारूफा अख्तर जबकि शेफाली ने फारिहा त्रिशना पर चौके से खाता खोला। शेफाली ने शोरिफा खातून का स्वागत तीन चौकों के साथ किया जबकि नाहिदा अख्तर पर भी लगातार तीन चौके मारे। शेफाली ने फाहिमा खातून की गेंद पर एक रन के साथ नौवां अर्धशतक पूरा किया लेकिन अगले ओवर में रितु मोनी को उन्हीं की गेंद पर कैच दे बैठीं।

स्मृति ने राबेया पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन नाहिदा की गेंद पर फाहिमा के हाथों लपकी गई। इस समय टीम को जीत के लिए 5.5 ओवर में 18 रन की दरकार थी और टीम ने डी. हेमलता (नौ) का विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**अस्ताना (भाषा)।** भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने बृहस्पतिवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई। जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की।

# रोहतक रोड राजपति मिश्रा क्रिकेट मेमोरियल के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** रोहतक रोड जिमखाना ने जेएनएनवाईसी क्रिकेट अकादमी पर आसान जीत दर्ज कर 9वें राजपति मिश्रा क्रिकेट मेमोरियल के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। रोहतक रोड़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40ओवर में चार विकेट 340 रन का विशाल स्कोर बनाया। दिल्ली रणजी खिलाड़ी लक्ष्य थरेजा ने 117 रन ना. और सुमित माथुर ने 97 रनों की पारी खेली जबकि अंकुश बैंस ने 82 रन बनाए। जेएनएनवाईसी के लिए आकाश शर्मा व खुशविंदर सांगवान ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में जेएनएनवाईसी की टीम 37.2 ओवर में 260 रन ही बना सकी। सक्षम रॉय ने 62 व प्रतीक रमन ने 45 रनों की पारी खेली। दीपांशु गुलिया ने 58 रन देकर चार विकेट लिए। दिल्ली रणजी खिलाड़ी सुमित माथुर को शानदार बल्लेबाजी के लिए स्पोर्ट्स सन मैन ऑफ द मैच आंका गया। **संक्षिप्त स्कोर** - रोहतक रोड़ जिमखाना : 40 ओवर में 340/4 (लक्ष्य थरेजा 117 रन ना., सुमित माथुर 97 रन, अंकुश बैंस 82 रन, आकाश शर्मा 2/51, खुशविंदर सांगवान 2/63)। जेएनएनवाईसी क्रिकेट अकादमी : 37.2 ओवर में 260/10 (सक्षम रॉय 62 रन, प्रतीक रमण 45 रन, दीपांशु गुलिया 4/58)।

#### कृष्णकांत का शतक

मैन ऑफ द मैच कृष्णकांत (112 रन) की बेहतरीन पारी की बदौलत जीआरएम क्रिकेट अकादमी ने पहले समर कप अंडर-17 के लीग मैच में टेलीफंकन के खिलाफ सात विकेट से जीत दर्ज की। टेलीफंकन के लिए शौर्य सेठ ने 65 रन की पारी खेली। **संक्षिप्त स्कोर** - टेलीफंकन अंडर-17 : 40 ओवर में 229/8 (शौर्य सेठ 65 रन, करण मनकास 32 रन, अभिषेक सिंह 3/32, आमिर खान 3/44)। जीआरएम क्रिकेट अकादमी : 38.2 ओवर में 233/3 (कृष्णकांत 112 रन, प्रवीण 58 रन, यश द्विवेदी 2/43, जहीर खान 1/41)।

#### अरविंद ने लगाया शतक, ध्रुव चमके

नागालैंड के अंडर-23 खिलाड़ी अरविंद वर्मा (109 रन, 87 गेंद) की शतकीय पारी, ध्रुव खत्री (3/40, 23 रन) के ऑलराउंड खेल और अश्वीर सिंह (3/29) व विनय कुमार (2/33) की गेंदबाजी की मदद से राजीव राठौड़ अकादमी ने एयरलाइनर अकादमी को छह विकेट से हराकर 12वें पंकज ग्रुप ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। **संक्षिप्त स्कोर** - एयरलाइनर अकादमी : 35 ओवर में 188/10 (रोनित बेरी 55 रन, मयंक मलिक 44 रन, अश्वीर सिंह 3/29, ध्रुव खत्री 3/40, विनय कुमार 2/33)। राजीव राठौड़ अकादमी : 25 ओवर में 189/4 (अरविंद वर्मा 109 रन ना., आर्यन वशिष्ठ 2/42, रोनित बेरी 1/31)।

#### सीवीएस ने जाकिर हुसैन कॉलेज को 6 विकेट से हराया

प्रथम गोसाईं के नाबाद अर्धशतक की मदद से सीवीएस कॉलेज ने जाकिर हुसैन कॉलेज को द्वितीय स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में छह विकेट से पराजित किया। डॉ. विकास गुप्ता (कुलसचिव, दिल्ली विश्वविद्यालय)ने सिक्का उछालकर मैच शुरू कराया। जाकिर हुसैन कॉलेज टीम टॉस जीतकर 20 ओवर में 125 रन पर ऑल आउट हो गई। हार्दिक ने 35 और शौर्य सूद ने 28 रन बनाए। सुमित अरोड़ा ने तीन और तुषार व आर्यन ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में सीवीएस कॉलेज ने 13.1 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर मैच जीत लिया। उनकी ओर से प्रथम गोसाईं ने 27 गेंद में नाबाद 50 रन और यश मक्कड़ ने 21 रन बनाए। अंशु कौशिक ने दो विकेट चटकाए। प्रो. राकेश कुमार और प्रो. सुरेंद्र सिंह (वाणिज्य विभाग, पीजीडीएवी कॉलेज) द्वारा सीवीएस कॉलेज के प्रथम गोसाईं को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

#### युगल सैनी ने खेली 180 रन की पारी

मैन ऑफ द मैच युगल सैनी (180 रन ना., 102 गेंद) के धुंआदार नाबाद शतक व प्रणव राजवंशी 67 रन और शुभम बिश्नोई 2/18 व अंकित भड़ाना 2/19 की शानदार गेंदबाजी से रवि ब्रदर्स क्लब (328/6) ने स्व. श्री रतन सिंह बॉस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में जीएनसीसी सीनियर्स (170/10) पर 158 रन से शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से अभिषेक शर्मा ने 31 रन, प्रिंस लांबा ने 24 रन, प्रतीक ने 31 रन बनाए जबकि और कारन शर्मा ने तीन विकेट झटके।

#### हरीश डागर का ऑलराउंड प्रर्दान

मैन ऑफ द मैच हरीश डागर (39 रन, 10 रन देकर 5 विकेट) के ऑलराउंड प्रदर्शन और केशव दुआ 3/13 की अच्छी गेंदबाजी से दिल्ली क्रिकेट हब (87/2) ने आर. सेपियंस स्पोटर्स गोल्ड कप प्राइज मानी टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में खुर्रत एलेवेन (86/10) पर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

#### दिल्ली चैलेंजर लक्ष्मण दास छाबड़ा क्रिकेट के सेमीफइनल में

मैन ऑफ द मैच तरुण यादव (61 रन, 3/60) के ऑलराउंड खेल, कामरान 68 रन, भागमेंडेर लाठर 63 रन और अयाची 3/45 की अच्छी गेंदबाजी से दिल्ली चैलेंजर क्लब (301/8) ने ऑल इंडिया लक्ष्मण दस छाबड़ा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में विक्ट्री क्लब (300/8) को दो विकेट से हराकर सेमीफइनल में प्रवेश किया।

# डीडीसीए लीग : निखिल के शतक से राजिंदर नगर कोल्ट्स जीता

**नई दिल्ली (एसएबी)।** निखिल चंदेल (100 रन 62 गेंद) के शानदार शतक, प्रथम 58 रन की पारी और कारन पैजनी (3/36) व आदित्य श्रीवास्तव (2/21) की गेंदबाजी की बदौलत राजिंदर नगर कोल्ट्स (254/4) ने डीडीसीए लीग के मैच में किशानगंज कोल्ट्स (250/10) पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से लक्ष्य रावत (105 रन) ने शानदार शतक जमाया जबकि शिवेन ने दो विकेट लिए।

#### भव्य तिवारी का ऑलराउंड खेल

भव्य तिवारी (102 रन 68 गेंद और 2 विकेट) के ऑलराउंड खेल, गौतम कोहर 80 रन, पर्व सिंगला 65 रन, प्रज्ञा शर्मा 54 रन व दीपांशु 35 रन की पारियों और अर्णव तंवर 2/63 की गेंदबाजी से पेलिकन क्रिकेट क्लब (351/4) ने अजमल खान क्लब (350/5) पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से अमन त्यागी ने 128 रन की शतकीय पारी खेली, दिनेश मोर ने 69 रन व सार्थक पाल ने 44 रन बनाए।

#### अंकित के शतक से गोल्डन हॉक्स क्लब जीता

अंकित कुमार (110 रन 72 गेंद) के शतक, केशव डबास 79 रन ना., कुणाल शर्मा 56 रन ना. की पारियों और हर्ष (4/31) की शानदार गेंदबाजी से गोल्डन हॉक्स (307/5) ने दिल्ली पुलिस क्लब (304/8) को पांच विकेट से हराकर दिया। पराजित टीम की ओर से मंजीत ने 96 रन, मनीष शर्मा ने 60 रन ना. और मनीष ढिल्लों ने 36 रन बनाए।

#### राहुल चौधरी ने जड़ा सैकड़ा

राहुल चौधरी (159 रन 91 गेंद) की शतकीय पारी व अंकित डबास के 71 रन व जायांशु चतुर्वेदी (3/80), मोहमद सुल्तान अंसारी (3/70) की अच्छी गेंदबाजी से कोलाज स्पोर्ट्स क्लब (377/8) ने पैरागन क्लब (367/10) पर 10 रन से जीत दर्ज की। पराजित टीम की ओर से यशवीर नागर ने 85 रन, जय आहूजा ने 65 रन, कशिश ने 59 रन व आयुष कोठियाल ने 48 रन की पारी खेली। बलजिंदर सिंह ने 85 रन देकर चार विकेट झटके।

## भारत से रिश्तों की तारीफ की

# आस्ट्रेलियाई वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स का भारतीय जासूसों के निष्कासन पर टिप्पणी करने से इनकार, कहा-भारत के साथ हमारे अच्छे संबंध

*ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित करने के मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स से एक टीवी साक्षात्कार में पूछा गया कि क्या दो भारतीय जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी 'ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया' और 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने कहा, मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है।

### भारतीय उच्चायोग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

*'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' के कर्मियों के रूप में की है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।*



### भारत और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के सदस्य

भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। बता दें कि क्वाड भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान देशों का एक समूह है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक देशों के हितों की रक्षा करना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है।

**ऑस्ट्रेलिया में जासूसी नेटवर्क चलाने का दावा**

बता दें इससे पहले , ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने दावा किया है, कि संवेदनशील डिफेंस प्रोजेक्ट और हवाई अड्डे की सुरक्षा के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के व्यापार संबंधों पर वर्गीकृत जानकारी चुराने की कथित कोशिश करते हुए पकड़े जाने के बाद, भारतीय जासूसों को ऑस्ट्रेलिया से बाहर निकाल दिया गया था।

**वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते**

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

---

अमेरिकी पुलिस ने किया खुलासा

# गोलीबारी में गोल्डी बरार की नहीं अफ्रीकी नागरिक की हुई थी मौत

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में मास्टरमाइंड और भारत के



मोस्ट वॉन्टेड गोल्डी बरार की हत्या नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक वह अभी भी जिंदा है। सूत्रों के मुताबिक अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुई गोलीबारी में एक अफ्रीकी शख्स की मौत हुई है। वह गोल्डी बरार जैसा दिखाई देता है। जिस समय यह घटना हुई उसी समय वहां से गुजर रहे एक पंजाबी शख्स ने गोल्डी बरार की हत्या की बात फैला दी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में गोल्डी बरार की मौत को दावा किया गया था। दावा किया गया कि बरार पर मंगलवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में हमला किया गया था। हालांकि कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो पुलिस ने इन रिपोर्ट्स का खंडन किया है। गोल्डी की हत्या को लेकर लेफ्टिनेंट विलियम जे. डूले ने एक ईमेल बयान में कहा, 'अगर आप ऑनलाइन चैट के कारण यह दावा कर रहे हैं कि गोलीबारी का शिकार 'गोल्डी बरार' है, तो हम कहते हैं कि यह बिल्कुल सच नहीं है।'

### क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के मिली जानकारी के मुताबिक कैलिफोर्निया के शहर फ्रेज्नो फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार शाम 5:25 बजे अफ्रीकी लोगों के दो समूहों के बीच लड़ाई हुई थी। इसमें एक शख्स लगाई के दौरान नीचे गिर गया था। उस शख्स ने खुद को बचाने के लिए ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस घटना में दो लोगों को गोली लगी जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति को शरीर के निचले हिस्से में चोट लगी और उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**गोल्डी के खिलाफ जारी है रेड कॉर्नर नोटिस**

गोल्डी बरार के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। वह पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का निवासी था। गोल्डी बराड़ कनाडा के ब्रैम्पटन में रह रहा था लेकिन भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित कर दिए जाने के बाद वह कनाडा से भागकर अमरीका में छिपकर रह रहा है। जानकारी के मुताबिक गोल्डी बराड़ खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा से जुड़ा है।

---

कोच्चि में 20 से 30 मई तक 46 वीं बैठक

# भारत एटीसीएम 46 और पर्यावरण संरक्षण समिति की करेगा मेजबानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र के माध्यम से केरल के कोच्चि में 20 से 30 मई तक 46वीं अंटार्कटिक संधि परामर्शदात्री बैठक और पर्यावरण संरक्षण समिति की 26वीं बैठक की मेजबानी करेगा। एटीसीएम और सीईपी बैठकों में भागीदारी इसके सदस्यों, पर्यवेक्षकों और आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा नामित प्रतिनिधियों तक ही सीमित है।




---

## फिलिस्तीनी लोगों के लिए भारत ने दो-राज्य समाधान का समर्थन दोहराया

# यूएन में भारत बोला- इजराइली बंधकों को रिहा करे हमास, आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकते

एजेंसी ▶▶ जिनेवा



बीते 18 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में प्रवेश के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर सुरक्षा परिषद के एक स्थाई सदस्य द्वारा वीटो लगाए जाने के बाद बुधवार को यूएनजीए की बैठक में कम्बोज ने उम्मीद जताई है कि फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य को समर्थन प्राप्त होगा। कंबोज ने हमास के 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा भी की और बंधकों की जल्द से जल्द रिहाई की मांग की है। हमास के हमलों पर बोलते हुए कंबोज ने कहा है 'आतंकवाद को कभी भी सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हमेशा से आतंकवाद का विरोध करता है और करता रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम सभी बंधकों की रिहाई की मांग करते हैं। कंबोज ने इजराइल और हमास दोनों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय कानूनों का पालन करने को कहा। इससे पहले हमास के नेता भी कह चुके है कि अगर फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता मिलती है।

> *संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने दो-राज्य समाधान समर्थन फिर से दोहराया है। इसके तहत फिलिस्तीन के लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में स्वतंत्र रूप से रह सकते हैं*

12-1 के वोट में, एक अमेरिकी वीटो और दो की अनुपस्थित रही जिसके कारण यूएनएससी में यह प्रस्ताव नहीं अपनाया जा सका

हमास के 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा की और बंधकों की जल्द रिहाई की मांग की है

### दोनों पक्षों से बात करके समाधान संभव

18 अप्रैल को अमेरिका ने फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को रोकने के लिए अपनी वीटो शक्ति का उपयोग किया। संयुक्त राष्ट्र में 12-1 के वोट में, जिसमें से एक अमेरिकी वीटो और दो सदस्यों की अनुपस्थित रही जिसके कारण यूएनएससी यह प्रस्ताव नहीं अपनाया जा सका। कंबोज ने कहा कि दोनों पक्षों के बातचीत के जरिये दो-राज्य समाधान संभव है।

### शांति के लिए अनुकूल माहौल बनाना जरूरी

*कंबोज ने कहा कि भारत दो-राज्य समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में स्वतंत्र रूप से रह सकें। उन्होंने अपील किया कि शीघ्र ही सीधी शांति वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल परिस्थितियों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि गाजा में संघर्ष करीब छह महीने से अधिक समय से चल रहा है और इससे उत्पन्न मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा," इस संघर्ष वाले क्षेत्र और उसके बाहर भी अस्थिरता बढ़ने की संभावना है। इसके लिए हम पिछले महीने यूएनएससी द्वारा प्रस्ताव संख्या 2728 को अपनाने को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं। उन्होंने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए गाजा के लोगों को मानवीय सहायता बढ़ाने की भी अपील की है। कंबोज ने कहा कि भारत ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की है और आगे भी सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।*

---

## खबर संक्षेप

### भारत का क्षेत्र है शक्सगाम घाटी

**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान



कहा कि हम लोग शक्सगाम घाटी को अपना क्षेत्र मानते हैं। हमने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया है, जिसके माध्यम से पाकिस्तान ने अवैध रूप से इस क्षेत्र को चीन को सौंपने का प्रयास किया था। हमने अस्वीकृति व्यक्त की है। जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी विरोध दर्ज किया है।

### जवानों ने घुसपैठिए को तुरंत कर दिया ढेर

**सांबा।** जिले की भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीती रात




बीएसएफ ने एक संदिग्ध को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा। जवानों ने गोलाबारी कर उसे ढेर कर दिया। रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रीगल पोस्ट की जीरो लाइन के पास बीएसएफ की 125वीं वाहिनी के जवानों ने सीमा पर कुछ हलचल देखी। जवानों ने उसे ललकारा। संदिग्ध भारतीय सीमा की तरफ बढ़ रहा था। जवानों ने गोलीबारी कर उसे ढेर कर दिया। सीमा पर अधिकारी पहुंचे हैं।

---


अमेरिका में ब्याज दर 23 साल के सर्वोच्च स्तर पर

# जुलाई 2023 से लगातार 6ठीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

### अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में हुआ निर्णय

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं किया है। फेडरल की



दो दिन तक चली बैठक के पश्चात चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने इसका ऐलान किया है। इसी के साथ ब्याज दरें 5.25 से 5.50 के बीच बरकरार रखी गई हैं। यह लगातार छठा मौका है जब फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमसी) ने ब्याज दरों को यथावत रखा है। इस समय ये ब्याज दरें दो दशक यानी करीब 23 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। फेडरल एफएमसी ने कहा कि महंगाई दर के टारगेट रेंज को घटाना इस समय सही नहीं। जब तक इस बात का भरोसा नहीं हो जाता कि अमेरिका में महंगाई दर दो फीसदी के नीचे जा रही है तब तक ब्याज दरों में कटौती का फैसला नहीं लिया जा सकता। बहुमत से ब्याज दरों को यथावत रखने का फैसला लिया। दरअसल 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में जून 2022 से साढ़े पांच फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

### महंगाई का खतरा बरकरार

फेडरल रिजर्व ने कहा कि अमेरिका में अब भी अनिश्चितता बनी हुई है और महंगाई का खतरा बरकरार है। इस पर अमेरिका के केंद्रीय बैंक का कहना है कि जब तक महंगाई दर विश्वसनीय रूप से दो फीसदी के नीचे नहीं आ जाती ब्याज दरों में कमी का सवाल ही पैदा नहीं होता।

---

### जापान में घरों में रहने वालों का है टोटा



**टोक्यो।** जापान की लगातार घटती जनसंख्या उसके लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। जनसंख्या की कमी के कारण यहां अकीया घरों की तादाद बढ़ती जा रही है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर 2023 तक खाली घरों की संख्या 2018 में पिछले सर्वे के बाद से आधे मिलियन से ज्यादा हो गई है। जापान में खाली घरों को अकिया के नाम से जाना जाता है। बड़ी वजह आबादी के घटने के साथ-साथ ग्रामीण आबादी का शहरों में शिफ्ट होना है।

---

### संसद की सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल



कमांडो ने किया एयर सर्वे

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा को लेकर एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) ने मॉक ड्रिल की। इस ड्रिल में एनएसजी के कमांडो और हेलीकॉप्टर शामिल रहे। एनएसजी के पैरा ट्रूपर्स ने संसद भवन के पास एयर सर्वे किया। बता दें कि कुछ दिनों पहले इसी जगह पर एनएसजी ने हेलीकॉप्टर से संसद भवन पर अपने कमांडो उतारे थे।

---

## कई जगह बिजली भी गिरी, स्कूल और दफ्तर किए बंद

# दुबई में आफत की बारिश, ऑरेंज अलर्ट के बाद फ्लाइट्स की थमी रफ्तार

एजेंसी ▶▶ दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। यूएई के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, देश में आधी रात से भारी बारिश शुरू हुई थी और कई जगह बिजली भी गिरी, जिससे दफ्तर जाने वालों के लिए घर से काम करने और शारजाह और दुबई के स्कूलों के लिए डिस्टेंस लर्निंग के लिए मजबूर होना पड़ा। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई के नागरिक गुरुवार सुबह करीब 3 बजे तेज हवाओं, गरज और आसमानी बिजली की वजह से जाग गए। वहीं, मौसम एजेंजियों की ओर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारी बारिश और तूफान के कारण गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।



ऑरेंज अलर्ट जारी

### पार्क और समुद्र तट बंद

पार्क और समुद्र तट बंद कर दिए गए हैं। वहीं, हवाई अड्डे और एयरलाइंस भी प्रभावित हुए हैं। जेबेल अली, अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दुबई इंडस्ट्रियल सिटी, दुबई इन्वेस्टमेंट्स पार्क और जुमेरा तेज हवा चली हैं।

### आज बारिश और आंधी की संभावना

*बारिश के लगभग एक घंटे बाद करीब 4 बजे देश के मौसम विभाग ने एक अलर्ट जारी किया, जिसमें कहा गया कि बारिश वाले बादलों ने देश के ज्यादातर हिस्सों को ढक लिया है। 3 मई तक देश में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की आशंका है।*

### डीजीपी को रातभर जागकर करना पड़ा सफर ,अब मिलेगा हर्जाना

सिंगापुर एयरलाइंस को बिजनेस क्लास में ऑटोमैटिक रिक्लाइनर सीटों में खराबी के कारण एक भारतीय दंपती को 2 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता और उनकी पत्नी ने एयरलाइन के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। बिजनेस क्लास की सीटों के लिए 66,750 रुपए का भुगतान करने के बावजूद, उन्हें स्वचालित रिक्लाइन सुविधा से लैस सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा था। 23 मई, 2023 को गुप्ता और उनकी पत्नी हैदराबाद से सिंगापुर होते हुए ऑस्ट्रेलिया जा रहे थे। दंपती द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, एयरलाइन के बिजनेस क्लास में रिक्लाइनर सीटें ठीक नहीं हुईं और एयरलाइन ने उन्हें सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा। अब तेलंगाना में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने भारतीय दंपति के पक्ष में फैसला सुनाया और सिंगापुर एयरलाइंस को 2,13,585 रुपए का मुआवजे देने का आदेश दिया।

---

इसी माह दौरे की संभावना

# चीन के समर्थक मुइज्जू के विदेश मंत्री का अगले सप्ताह भारत दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और मालदीव के रिश्तों में चल रहे खटास के बीच मुइज्जू



सरकार के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार मूसा जमीर के भारत दौरे को लेकर अभी डेट तय नहीं हुई है। लेकिन अनुमानतः मई के पहले या दूसरे सप्ताह में मूसा का भारत दौरा हो सकता है। वहीं मूसा अगर भारत दौरे पर आते हैं तो मालदीव की नई मुइज्जू सरकार का ये पहला भारत दौरा होगा। अभी तक जब भी मालदीव में किसी की भी सरकार बनती थी तो उस समय राष्ट्रपति सबसे पहले भारत का दौरा करता था। लेकिन मुइज्जू ने वर्षों से चले आ रहे इस मिथक तोड़ते हुए सबसे पहले चीन का दौरा किया। इसके साथ ही वो ऐसा करने वाले मालदीव के पहले राष्ट्रपति बन गए। मालदीव में बीते कुछ महीनों पहले ही नई सरकार बनी है। जिसमें चीन समर्थक मुइज्जू ने चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनते ही भारतीय सैनिकों की वापसी का आदेश दिया था। इसके लिए 10 मई की समय सीमा भी तय की गई है।

जयपुर से चलने वाली 50 ट्रेनें होंगी प्रभावित

## गर्मियों की छुट्टियों में बढ़ सकती है परेशानी; दो स्टेशन पर सबसे ज्यादा असर




राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** जयपुर स्टेशन पर अगले महीने और गांधीनगर स्टेशन पर इस महीने बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। क्योंकि दोनों स्टेशनों पर चल रहे स्टेशन री-डेवलपमेंट के काम को बढ़ाया जाएगा, ऐसे में दोनों स्टेशनों पर मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। जयपुर स्टेशन पर 50 से अधिक ट्रेनों का संचालन पूर्ण/आंशिक रद्द और डायवर्ट रहेगा। वहीं, गांधीनगर में 15 घंटे के मेगा ब्लॉक की वजह से भी 25 से भी अधिक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा।

जयपुर स्टेशन पर ब्लॉक की वजह से जयपुर से ऑरिगजनेट/टर्मिनेट और शॉर्ट डिस्टेंस ट्रेनों को खातीपुरा, दुर्गापुरा, ढेहर का बालाजी स्टेशनों से चलाया जाएगा।

वहीं, गांधीनगर से जुड़ी करीब 25 ट्रेनों को डायवर्ट या री-शेड्यूल किया जाएगा। इसके लिए उत्तर पश्चिम रेलवे ने बोर्ड को प्रस्ताव भेज दिया है।

सूत्रों की मानें तो रेलवे बोर्ड ने इस प्रस्ताव को सशर्त सैद्धांतिक मंजूरी दी है, जिसमें कहा कि काम की अवधि को कम किया जाए और इस तरह से प्लानिंग की जाए, जिससे ट्रेनों का संचालन कम से कम प्रभावित हो।

इसके बाद प्रिंसिपल सीओएम मदन देवड़ा, सीपीटीएम सुनील गुप्ता, सीओएम विवेक रावत, सीटीपीएम गौरव गौड़ ने इसे लेकर जयपुर मंडल के साथ प्लानिंग शुरू कर दी है।


### 96 दिन तक प्लेटफॉर्म 4/5 से नहीं होगा ट्रेनों का संचालन

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जयपुर स्टेशन पर रूफ प्लाजा/कॉन्कोर हॉल बनाने की वजह से प्लेटफॉर्म नंबर 4/5 पर तीन महीने से अधिक समय के लिए (96 दिन) मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। ट्रेन ऑपरेशन एक्सपर्ट डीपी मिश्रा और आशीष पुरोहित बताते हैं कि इस कार्य के चलते अहमदाबाद, अजमेर की ओर से आने वाली ट्रेनों को तो प्लेटफॉर्म नंबर 6/7 पर लिया जा सकता है, लेकिन दिल्ली/आगरा की ओर से आने वाली ट्रेनों को रद्द/आंशिक रद्द या डायवर्ट किया जाएगा। उधर गांधीनगर स्टेशन पर प्लेटफॉर्म 1 से 2 की ओर चार लाइनों के ऊपर गर्डर लॉन्चिंग की जाएगी। ऐसे में यहां सुबह से देर शाम तक बड़ी संख्या में ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। पुरोहित बताते हैं कि जयपुर आने वाली ट्रेनों को वाया रेवाड़ी-रीगंस (आरपीसी) होकर जयपुर लाए जाने की योजना है। जयपुर में जून और गांधीनगर में मई में ब्लॉक लिया जा सकता है। अभी तारीख निर्धारित नहीं की गई है।

पुलिस की कार्रवाई

## जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले युवक को मुंबई से गिरफ्तार किया

राजस्थान की राजनीति



**जयपुर।** जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने आरोपी को पुलिस ने मुम्बई से पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी एण्डे गनाना सेशा साई (19) मंगल सिटी कन्दरूवारी गुंटूर आंधप्रदेश का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी कब्जे से मोबाइल जब्त किया है, जिससे उसने बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल भेजा था। डीसीपी कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि आरोपी ने 26 अप्रैल को एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर बैग में रखा होने की जानकारी देते हुए ई-मेल भेजा था। उक्त प्रकरण के बाद गठित टीम आरोपी की पहचान करके एसएचओ मोती लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने मुम्बई से आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी एण्डे गनाना 12वीं तक पढ़ा हुआ है, जो अभी कोई काम नहीं कर रहा था।

बहन ने भाई-भाभी पर तेजाब फेंका

## गैस सिलेंडर का पाइप निकालकर आग लगाने की भी कोशिश की; मां-बेटी समेत 7 पर मामला दर्ज

**सवाई माधोपुर।** लेन-देन के विवाद में बहन ने भाई-भाभी पर तेजाब फेंक दिया। इस दौरान गैस सिलेंडर की पाइप निकालकर आग लगाने की भी कोशिश की। पति-पत्नी के चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। पड़ोसी दंपती को अस्पताल ले गए। पीड़ित थाने पहुंचा तो पहले पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। एसपी ममता गुप्ता के निर्देश पर बुधवार देर शाम मामला दर्ज किया गया। घटना सवाईमाधोपुर के मानटाउन इलाके के खेरदा की है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित सुरेश चंद सोनी (54) निवासी मोती नगर खेरदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया कि 25 अप्रैल को वह अपने घर मोती नगर खेरदा में खाना खा रहा था। रात करीब 10 बजे छोटी बहन गुड्डी (50) पत्नी कैलाश सोनी, भांजी प्रिया (25), रूपसिंह, हरीश सोनी और अन्य अज्ञात 2-3 लोग गाली-गलौज करते हुए मकान पर पत्थर फेंकने लगे। इस दौरान जबरन घर में घुसकर रसोई की खिड़की तोड़कर गैस सिलेंडर की पाइप निकालकर आग लगाने की कोशिश की। रोकने गए तो प्रिया, गुड्डी ने तेजाब फेंक दिया। इससे सुरेश की आंख, चेहरा और पिंकी की गर्दन से कमर तक और हाथ झुलस गया। सुरेश और पिंकी के चिल्लाने पर पड़ोस के लोग मौके पर आए, जिनको देखकर सभी आरोपी फरार हो गए।

जयपुर में आईपीएस ने हेड कॉन्स्टेबल से ली घूस

# केस से नाम हटाने के लिए मांगे 10 लाख रुपए, बोले- डरने की जरूरत नहीं

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** एसीबी के पूर्व डीआईजी विष्णुकांत पर 9.50 लाख रुपए रिश्वत लेने का केस दर्ज किया है। आईपीएस विष्णुकांत पर 3 साल पहले रिश्वत लेने के मामले में पकड़े गए हेड कॉन्स्टेबल का नाम केस से हटाने की एवज में रिश्वत लेने का आरोप है। एसीबी ने यह केस एएसपी एसीबी ललित किशोर शर्मा की रिपोर्ट आने पर दर्ज की है।

रिपोर्ट के अनुसार एसीबी ने सत्यपाल पारीक की शिकायत पर साल 2021 में जयपुर के जवाहर सर्किल थाने के हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह और कॉन्स्टेबल लोकेश को घूस लेते पकड़ा था। इस केस में शिकायतकर्ता ने एसीबी के अधिकारियों को आरोपी सरदार सिंह के खिलाफ डीआईजी को पैसे देकर केस से नाम हटाने की शिकायत और सबूत दिए



थे। इसके बाद तत्कालीन सरकार ने डीआईजी को चुपचाप एसीबी से हटा दिया था।

जांच में सामने आया है कि आरोपी हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह का भाई प्रताप सिंह भी जयपुर कमिश्नरेट में पुलिस कॉन्स्टेबल है, जो एसओजी में विष्णुकांत का गनमैन था। एसीबी के पूर्व डीआईजी विष्णुकांत ने हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह के भाई कॉन्स्टेबल प्रताप सिंह के माध्यम से एसीबी डीजी के नाम पर 9.5 लाख रुपए लिए थे और सरदार सिंह का नाम हटाकर फाइल बढ़ा दी। फिलहाल, विष्णुकांत आईजी होमगार्ड हैं।

### डीआईजी ने उपनिदेशक अभियोजन की भी नहीं सुनी

सरदार सिंह और लोकेश कुमार की जांच कर रहे एडिशनल एसपी सुरेन्द्र कुमार स्वामी ने 11 फरवरी 22 को डीआईजी को रिपोर्ट दी, जिसमें लिखा है कि लोकेश कुमार आरोपी है और हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिल रहे हैं। इस पर डीआईजी ने फाइल को 14 फरवरी 2022 को उपनिदेशक अभियोजन के पास भेजी।

2 मार्च 2022 को उपनिदेशक अभियोजन ने जवाब दिया कि जांच अधिकारी को दोबारा से जांच करनी चाहिए, क्योंकि हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह इस केस में आरोपी है। इसके बाद भी डीआईजी ने चालान कोर्ट में पेश कर दिया, जिसमें कॉन्स्टेबल लोकेश कुमार को आरोपी बनाया, जबकि हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह को बेगुनाह बताकर विभागीय कार्रवाई की लिए कमिश्नरेट को लिख दिया।

### आरोपी हेड कॉन्स्टेबल ने शिकायतकर्ता को भेजी थी डीआईजी की रिकॉर्डिंग

पैसा देने और डीआईजी से आश्वासन मिलने के बाद हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह और उसके भाई प्रतापसिंह ने डीआईजी से वॉट्सऐप पर जो बात हुई थी, उसे रिकॉर्ड कर लिया था। इसके बाद दोनों भाइयों ने रिकॉर्डिंग मामले में शिकायतकर्ता को भेजकर कहा कि हमने सब सेट कर लिया है। डीआईजी साहब बोल रहे हैं कि डरने की जरूरत नहीं है, मैंने तुम्हारा नाम हटा दिया है। पीड़ित ने इस तरह के करीब 9 ऑडियो और वीडियो एसीबी को दिए थे, जिसके बाद सरकार ने बिना कोई कार्रवाई किए डीआईजी को एसीबी से हटा दिया था।

एडिशनल एसपी ललित शर्मा की रिपोर्ट के बाद एसीबी ने पीड़ित की शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 ( यथा संशोधित 2018) में आरोपी विष्णु कांत, तत्कालीन डीआईजी एसीबी और हाल आईजी होमगार्ड राजस्थान, जयपुर के खिलाफ 10 लाख रुपए रिश्वत लेने की एफआईआर दर्ज की है। साथ ही हेड कॉन्स्टेबल सरदार सिंह और उसके भाई कॉन्स्टेबल प्रताप सिंह को भी इस केस में आरोपी बनाया है।

ठगेबाज कर्मचारी सस्पेंड

# सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला विधानसभा कर्मचारी निलंबित

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सरकारी नौकरी में भर्ती के नाम पर ठगी कर रहा था। इसकी किसी को भनक नहीं लगने दी, जब इसकी शिकायत हुई तो स्पीकर वासुदेव देवनानी ने प्रतिकूल आचरण को देखते हुए उसे गुरुवार को सस्पेंड कर दिया। देवनानी का कहना है कि प्रारम्भिक जांच में दोषी पाए गए विधानसभा सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नितिन शर्मा को निलम्बित किया है। उल्लेखनीय है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शर्मा पर राजस्थान विधानसभा व अन्य भर्ती एजेंसियों में नौकरी लगाने के नाम से रेखा शर्मा, अमित कुमार मीणा व कई अन्य व्यक्तियों से लाखों रुपए की राशि हड़पने के मामले में सांगानेर थाना पुलिस तथा कोटपूतली में ठगी का मामला दर्ज कराया था। मामले को लेकर सांगानेर थानाधिकारी किशनलाल विश्नोई ने बताया कि करीब एक महीने पहले रेखा ने मुकदमा दर्ज कराया था। शिकायत में बताया कि रेखा को नौकरी लगाने के नाम पर करीब 8 लाख रुपए की राशि मांगी थी। इस दौरान महिला ने 1 लाख रुपए ऑनलाइन और 7 लाख रुपए नकद दिए थे। दोनों में विवाद हुआ तो नितिन ने उसे ऑनलाइन पेमेंट के 1 लाख रुपए वापस कर दिए, बाकी की राशि वापस नहीं होने के कारण पीड़िता ने विधानसभा में भी इसकी शिकायत कर दी।

### 2022 की भर्ती में नितिन ने लिए 8-8 लाख रुपए

विधानसभा में 2014 में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बने नितिन शर्मा को लेकर स्पीकर वासुदेव देवनानी के पास शिकायतें पहुंची थी। लोगों ने बताया कि 2022 में विधानसभा में चतुर्थ श्रेणी भर्ती निकाली गई थी। उस समय स्पीकर सीपी जोशी थे। वह भर्ती तो नहीं हुई, लेकिन आवेदन आए उनमें से कुछ लोग नितिन से मिले थे। सीकर मूल के नितिन मे भर्ती कराने की गारंटी ली और 2-3 लोगों से 8-8 लाख रुपए ले लिए, लेकिन किसी ने पहले शिकायत नहीं की थी। पिछले दिनों एक महिला सहित 2 लोगों ने विधानसभा को शिकायत की। अभी और कितने लोगों से पैसे लिए, इसकी जांच नहीं हुई।

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## 19 लाख विद्यार्थियों के परिणाम पर भी आचार संहिता का साया



राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा के परिणाम में इस बार देरी हो संभव है। इससे प्रदेश के 19 लाख से अधिक विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा के परिणाम का इंतजार बढ़ सकता है। भर्तियों परीक्षाओं के परिणाम की तरह इन कक्षाओं के परिणाम जारी करने पर भी आचार संहिता का साया है। बोर्ड जल्दी ही इन कक्षाओं का परिणाम जारी करने की अनुमति के लिए सरकार को पत्र भेजेगा ताकि चुनाव आयोग से परमिशन दिलाई जा सके। राजस्थान बोर्ड की 12वीं का परिणाम सामान्यता मई मध्य में और 10वीं का परिणाम जून के पहले सप्ताह में घोषित हो जाता है। प्रदेश में वर्तमान में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगी हुई है। ऐसे में बोर्ड के सामने इस अवधि में परिणाम जारी करने को लेकर संकट खड़ा हो गया है। बोर्ड ने इस साल 19 फरवरी से 4 अप्रैल तक 12वीं कक्षा की और 7 मार्च से 30 मार्च तक 10वीं कक्षा की परीक्षाओं का आयोजन किया था। इस साल 12वीं में 8,66,270 विद्यार्थी, 10वीं में 10,62,341 विद्यार्थी, वरिष्ठ उपाध्याय में 3671 और प्रवेशिका में 7063 विद्यार्थी शामिल हुए थे। मई में परिणाम जारी होने पर भी विद्यार्थियों को अंक तालिकाएं मिलने में कई बार एक महीने से अधिक का समय लग जाता है। अब परिणाम में अगर देरी होगी तो अंकतालिकाएं मिलने में और अधिक देरी होगी। जून में कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो जाती है। अंकतालिकाओं में अभाव में प्रवेश में दिक्कत हो सकती है। ÷प्रदेश में आचार संहिता लगी है। इसलिए बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जारी करने की अनुमति के लिए सरकार को पत्र लिखेंगे ताकि हमें चुनाव आयोग से परिणाम जारी करने की परमिशन मिल सके।÷

**– कैलाश चंद्र शर्मा, सचिव, राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड**

एसआई भर्ती पेपरलीक केस में 2369 पन्नों की चार्जशीट पेश

# सरगना जगदीश विश्नोई और 17 एसआई समेत 25 लोगों को बनाया आरोपी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती परीक्षा 2021 के पेपर लीक मामले में एसओजी ने 25 आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश कर दिया है। एसओजी की टीम ने मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर द्वितीय में 2369 पन्नों का चालान पेश किया। एसओजी की 15 से ज्यादा सदस्यों की टीम चालान की कई कॉपियां लेकर कोर्ट पहुंची और कोर्ट में जमा करवाई। एसओजी की ओर से 17 चयनित एसआई (15 ट्रेनी एसआई) गिरोह के सरगना जगदीश विश्नोई सहित कुल 25 आरोपियों के खिलाफ चालान पेश किया गया। अब कोर्ट द्वारा एसओजी की ओर से पेश किए गए चालान का एनालिसिस किया जाएगा और उसके आधार पर आरोपियों को सजा सुनाई जाएगी।

### एसओजी ने चालान में बढ़ाई धाराएं

एसओजी को मामले की जांच करते हुए 60 दिन का समय हो चुका था, इसलिए आज कोर्ट में



चालान पेश करना था। एसओजी ने कोर्ट में चालान तो पेश कर दिया, लेकिन जज के सीट पर नहीं होने कारण चालान को देखा नहीं गया है। सोमवार को जज जॉइन करेंगे, इसके बाद आरोपियों के वकील को चालान दिया जाएगा। एसओजी ने कोर्ट में जो चालान पेश किया है, उसमें धाराएं बढ़ा दी गई है। एसओजी ने जब पेपर लीक की एफआईआर दर्ज की थी तो उसमें 419, 420, 466, 468, 471 आईपीसी में मामला दर्ज किया था, लेकिन 60 दिन बाद एसओजी ने चालान में 477,477-,408,409/34,201,120-बी को भी जोड़ दिया है।

### अब तक 45 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- एसआई भर्ती परीक्षा 2021 के पेपर लीक को लेकर दर्ज मुकदमे में जांच जारी है। इसमें जांच के दौरान तकनीकी और अन्य सबूत जुटाकर अब तक कुल 45 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गुरुवार को कोर्ट में 25 आरोपियों के खिलाफ खिलाफ 2369 पेज की चार्जशीट तकनीकी और अन्य सबूतों के आधार पर पेश की गई है। 25 आरोपियों में से 15 ट्रेनी एसआई, 2 अन्य जिन्होंने जॉइनिंग नहीं की और इसके अलावा 8 अन्य जिसमें 1 सरकारी कर्मचारी (उप निरीक्षक) शामिल है। मामले में अन्य आरोपियों के खिलाफ जांच जारी है।

# ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामलाः फोर्टिस-ईएचसीसी ने कानून से बचने को दिल्ली की कंपनी से कर रखा था एमओयू, यही डोनर लाती थी

राजस्थान की राजनीति

**जयपुर।** ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में जयपुर पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गुरुवार को मैड सफर नाम की कंपनी के डायरेक्टर सुमन जाना व दलाल सुखमय नंदी को गिरफ्तार किया। इनसे खुलासा हुआ कि किडनी ट्रांसप्लांट के लिए जयपुर के फोर्टिस और ईएचसीसी अस्पताल ने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए फरीदाबाद, दिल्ली की इसी कंपनी से एमओयू कर रखा था।

ये कंपनी दलालों के जरिए बांग्लादेश से किडनी के डोनर व रिसीवर ढूंढ़ती थी। सौदा तय होने के बाद उनके फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए जाते थे और उन्हें जयपुर भेजा जाता था। ट्रांसप्लांट के लिए रिसीवर से रिकॉर्ड पर सिर्फ 8 से



10 लाख रुपए लेना दिखाया जाता था। लेकिन वसूली 25 से 30 लाख रुपए की होती थी। समझिए किडनी रैकेट कैसे काम करता था 7 किडनी रिसीवर से रिकॉर्ड पर 8 से 10 लाख रुपए लेते और वसूली 25 से 30 लाख रुपए की करते थे।

### जयपुर पुलिस पश्चिम बंगाल से मैड सफर कंपनी के डायरेक्टर और दलाल को पकड़ कर लाई... तो हुआ खुलासा

### किडनी तस्करी

एसीबी ने 1 अप्रैल को एसएमएस के एएओ गौरव सिंह व ईएचसीसी के अनिल जोशी को पकड़कर फर्जी एनओसी का खुलासा किया था।

**आगे क्याः** पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के बाद अस्पताल प्रबंधन व डॉक्टर्स की भूमिका तय होगी। जयपुर पुलिस ने बांग्लादेश हाई कमिशन से भी मरीजों का रिकॉर्ड और प्रोसेस की जानकारी मांगी है।

पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि जयपुर पुलिस द्वारा सुमन व सुखमय नंदी पकड़े गए हैं। फरार रांची का दलाल मो. मुर्तजा अंसारी व राजकमल नायक भी इन्हीं की कंपनी में काम करता है। इन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।

एडिशनल कमिश्नर कैलाश बिश्नोई ने बताया कि फोर्टिस व ईएचसीसी अस्पताल मैड सफर कंपनी के दलालों के जरिए सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार कर बांग्लादेश में किडनी के ग्राहक तलाशते थे। फिर फर्जी दस्तावेजों से ट्रांसप्लांट किए जाते। ट्रांसप्लांट के बाद डोनर या रिसीवर को कुछ समय जयपुर हॉस्पिटल या आस-पास गेस्ट हाउस में रखते। फिर दिल्ली या गुरुग्राम भेज देते। वहां से विदेश भेज दिया जाता था।

जयपुर में सुखमय फोर्टिस व मुर्तजा ईएचसीसी का काम देखता था।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक एवं संपादक रमाकांत गोस्वामी द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, पीपलेश्वर मंदिर के पीछे, नला मौहल्ला,दौसा (राजस्थान)-303303 से प्रकाशित किया। संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, कार्यकारी संपादक भूपेंद्र कुमार शर्मा, स्थानीय संपादक: संजय लाटा (अवैतनिक) आरएनआई नं. RAJHIN/2012/43137, ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल- tniawaz.news@gmail.com, Group of Sites- www.hpnews.in, www.right2action.in, www.jaipurtak.com, www.dharmjagran.com, www.hindustanpatrika.com, www.freedomathought.com, www.tniawaaz.in (* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।